तापमान

अधिकतम 32.9 डिग्री

न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

रायपुर, रविवार 26 अक्टूबर 2025



13 10 दिनों के बाद मंगलवार से दफ्तरों में लौटेगी ...





14 क्लेम प्रोसेसिंग के लिए टीपीए जल्द, ऑडिट करने वाली ...




# विंटर शेड्यूल में प्रयागराज फ्लाइट को झटका, दिल्ली के लिए आज से शुरू होगीं दो नई उड़ानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

अलग खबर

विंटर शेड्यूल में रायपुर से प्रयागराज के लिए संचालित होने वाली सीधी फ्लाइट को बंद करने का झटका लगा है। यह विमान सेवा नियमित रूप से संचालित होती थी। दूसरी ओर दिल्ली से रायपुर के यात्रियों को अपना सफर पूरा करने के लिए दो नया विकल्प मिला है। इंडिगो की पांचवीं और एयर इंडिया की तीसरी फ्लाइट इस सेक्टर में संचालित होगी। रविवार को पहली उड़ान भरने वाली दोनों फ्लाइट की बुकिंग पूरी हो चुकी है।

प्रयागराज-रायपुर-प्रयागराज के बीच सातों दिन संचालित होने वाली एकमात्र फ्लाइट का शनिवार को अंतिम बार संचालन हुआ। रविवार से लागू होने वाले विंटर शेड्यूल से इस फ्लाइट को हटा दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक ठंड का प्रभाव उत्तर भारत में अधिक होता है। इसके मद्देनजर प्रयागराज से विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली विभिन्न उड़ानों के समय में बदलाव किया गया है, मगर रायपुर के लिए संचालित फ्लाइट को सूची से हटा दिया गया है। विमानन कंपनी द्वारा इसके लिए कोई ठोस कारण नहीं बताया गया है। व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास के मुताबिक एकमात्र फ्लाइट होने की वजह से इसे प्रतिदिन पर्याप्त यात्री मिलते थे। प्रयागराज-रायपुर को जोड़ने वाली यह एकमात्र उड़ान थी, जो सुबह के शेड्यूल में संचालित होती थी। दूसरी ओर दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के बीच रविवार से दो नई फ्लाइट उड़ान भरने वाली है। एयर इंडिया अपनी तीसरी फ्लाइट ▶▶।शेष पेज 13 पर

## रायपुर-प्रयागराज का शनिवार को हुआ अंतिम संचालन, दिल्ली सफर का नया विकल्प

### एएसक्यू सर्वे में रायपुर आठवां इस बार पुणे ने मारी बाजी

एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी सर्वे में इस बार रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। जुलाई से सितंबर के तिमाही सर्वे में रायपुर टॉप टेन की सूची में शामिल हुआ है। यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के मामले में जनवरी से मार्च में किए गए सर्वे में रायपुर को 11वां स्थान मिला था। इसके बाद विमानतल प्रबंधन द्वारा कमियों को दूर करने का प्रयास किया गया। इससे अप्रैल से जून में हुए सर्वे में रायपुर 4.85 अंकों के साथ आठवें स्थान पर आया था। जुलाई से सितंबर के सर्वे में स्थिति में और सुधार हुआ और अंक 4. 87 तक पहुंचा। किए गए सर्वे में पुणे 4.96 अंक के साथ पहले 4.94 अंक के साथ गोवा और वाराणसी दूसरे तथा तीसरे स्थान पर है।



### जाने वाले यात्री ज्यादा

विमानतल सूत्रों के अनुसार अभी रायपुर एयरपोर्ट से दूसरे शहर लौटने वाले यात्रियों की संख्या ज्यादा है। केवल दिल्ली से आने और जाने वालों की संख्या लगभग बराबर की स्थिति में है। माहांत तक यात्रियों की संख्या अधिक रहने के बाद स्थिति सामान्य हो जाएगी। इसके बाद दिसंबर की छुट्टियों के दौरान सफर का दौर एक बार फिर जोर पकड़ेगा। बीते सप्ताह में रायपुर विमानतल से आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या का साप्ताहिक आंकड़ा पचास हजार के पार हो चुका था।

## खबर संक्षेप

### चैतन्य की जमानत पर कल होगी सुनवाई

**रायपुर।** शराब घोटाले में जेल भेजे गए पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य बघेल की जमानत पर 27 अक्टूबर को सुनवाई होगी। ईडी के विशेष न्यायाधीश अभियोजन और बचाव पक्ष का तर्क सुनने के बाद ईडी की स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। बचाव पक्ष ने जमानत आवेदन में बताया है कि शराब घोटाले में फरार आरोपी लक्ष्मीनारायण बंसल के बयान के आधार पर चैतन्य के खिलाफ कार्रवाई की गई। जबकि उनके पक्षकार का शराब घोटाले और मॅनी लांड्रिंग से कोई लेना-देना नहीं है। वहीं अभियोजन पक्ष ने बताया कि शराब घोटाले की अवैध वसूली की रकम चैतन्य के पास पहुंचती थी। करीब 1000 करोड़ रुपए के अवैध लेन-देन का मुख्य आरोपी है। जांच के दौरान इसके इनपुट मिलने पर ही 18 जुलाई 2025 को छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। इस प्रकरण में जेल भेजा गया है। वहीं प्रकरण की जांच चल रही है।

### कर्मचारी ने की अमानत में खयानत, केस दर्ज

**रायपुर।** मौदहापारा थाने में एक कारोबारी ने अपने एक कर्मचारी के




खिलाफ अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अशोक ब्रदर्स के संचालक राजेश अग्रवाल ने अभिषेक प्रधान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया कि उसने अपने कर्मचारी को 16 अगस्त को 1.95 लाख रुपए बैंक में जमा करने के लिए दिया था। अभिषेक बैंक में पैसे जमा करने के बजाय लेकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस ने इस मामले में जुर्म दर्ज किया है।

### कार का शीशा तोड़ने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में दो युवक ने एक-दूसरे के खिलाफ कार की शीशा तोड़ने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



खम्हारडीह निवासी जोगेंद्र तांडी ने निलेश ध्रुव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जोगेंद्र ने पुलिस को बताया कि निलेश ने कटोरा तालाब के पास उसकी कार का शीशा तोड़ने की बात को लेकर विवाद किया। शीशा तोड़ने की बात से इंकार करने पर निलेश ने जोगेंद्र के साथ मारपीट की। निलेश ने भी जोगेंद्र के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### गंदगी फैलाने का आरोप विवाद के बाद मारपीट

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक महिला ने दूसरी महिला के खिलाफ गंदगी फैलाने के विवाद पर मारपीट



करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम रिकी बीएसयूपी कालोनी निवासी हेमलता साहू ने बिंदू मारकंडे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है। हेमलता ने पुलिस को बताया कि बिंदू ने उस पर घर के सामने गंदगी फैलाने का आरोप लगाते हुए उसके साथ मारपीट की।

## 50 लाख से अधिक अर्थदंड, वसूले 34 लाख

# खनिज विभाग में लाखों की गड़बड़ी, जांच में 100 से अधिक प्रकरण, रिपोर्ट में 56 का उल्लेख

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

खास खबर

रायपुर जिले के खनिज विभाग में लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। विभागीय टीम ने जून में अवैध रेत भंडारण के मामले में जांच करते 100 से अधिक प्रकरण बनाए थे। इन प्रकरणों में अर्थदंड सहित लगभग 50 लाख रुपए की राशि वसूल की जानी थी, जिसकी एक सूची भी बनाई गई थी, लेकिन जिला अधिकारी के ट्रांसफर होने के बाद कुछ निचले स्तर के अधिकारी एवं खनिज निरीक्षकों ने प्रकरणों की सूची में गड़बड़ी करते हुए एक नई रिपोर्ट तैयार कर दी, जिसमें अवैध रेत भंडारण के मात्र 56 प्रकरणों का उल्लेख किया है। इन प्रकरणों के विरुद्ध विभाग ने 34 लाख रुपए की वसूली की है। इस तरह नई रिपोर्ट में न ही शेष प्रकरणों का उल्लेख है और न ही उन प्रकरणों में वसूल की जाने वाली राशि का उल्लेख है।



### आरंग क्षेत्र में 80 से अधिक प्रकरण

हरिभूमि के पास जून में हुई जांच की पूरी सूची है। इस सूची के अनुसार आरंग क्षेत्र में ही अवैध रेत भंडारण के 80 से अधिक प्रकरण बनाए गए थे, जिसमें अवैध भंडारण करने वालों के नाम से लेकर उनके द्वारा कितनी रेत भंडारण की गई, उसकी कुल कीमत कितनी है तथा उन पर कितना अर्थदंड लगाया है, इसकी पूरी जानकारी सूची में है। इस सूची के अनुसार इन प्रकरणों में 40 लाख रुपए से अधिक राशि अवैध भंडारण करने वालों से वसूल की जानी है।

### 30 से अधिक प्रकरण, इनमें 10 लाख के करीब वसूली होना

80 प्रकरणों के अलावा लगभग 30 और प्रकरण भी हैं, जिनमें अवैध रेत भंडारण के मामले बनाए गए थे। इस सूची में भी लगभग 10 लाख के करीब राशि वसूल की जानी थी, लेकिन सूची में गड़बड़ी किए जाने के कारण न केवल शासन को राजस्व के रूप में लाखों रुपए का नुकसान पहुंचा, बल्कि जांच में लाखों कीमत की अवैध रूप से भंडारण की गई जो रेत पकड़ाई थी, उसे भी विभाग के लोगों ने गायब कर दिया है।

### जून में हुई थी अवैध भंडारण की जांच

बारिश के सीजन के दौरान सभी रेत खदानों में 10 जून से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लग गया था। खदानों में लगे प्रतिबंध के बाद भी कई खदानों में जहां अवैध रूप से रेत का उत्खनन का कार्य जारी रहा, वहीं कई लोग जगह-जगह इसका अवैध रूप से भंडारण भी करा रहे थे। उस दौरान हरिभूमि ने भी इस खबर को प्राथमिकता से प्रकाशित की थी। इस खबर के बाद कलेक्टर गौरव सिंह ने खनिज विभाग के साथ राजस्व विभाग को जांच कर खदानों में उत्खनन पर रोक लगाने तथा अवैध भंडारण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश के तहत ही आरंग, नवा रायपुर, मंदिर हसौद, अभनपुर आदि क्षेत्र में खनिज विभाग के साथ राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से जांच की थी।

### *रिपोर्ट में 1 जनवरी से 25 अगस्त तक की जांच-कार्रवाई का उल्लेख*

*विभागीय अफसरों ने प्रशासन को जो रिपोर्ट सौंपी है, इस रिपोर्ट में 1 जनवरी से लेकर 25 अगस्त तक की अवधि के दौरान खनिज सामग्री के अवैध भंडारण, उत्खनन एवं परिवहन से संबंधित की गई जांच एवं कार्रवाई की जानकारी है। इस रिपोर्ट में अवैध रेत भंडारण के 56 प्रकरण का उल्लेख है। इसके अलावा अवैध उत्खनन के 27 एवं अवैध परिवहन के 363 प्रकरण दर्ज किए जाने की जानकारी है।*

### *जांच कार्रवाई के अनुसार प्रकरण*

*जांच में जो कार्रवाई हुई है, उसके अनुसार ही अवैध रेत भंडारण के 56 प्रकरण बनाए गए हैं। इसके अलावा अगर और कोई जांच कार्रवाई हुई है, तो इसकी जानकारी नहीं है। देखकर बता पाऊंगा।*

*- उमेश भार्गव, सहायक खनिज अधिकारी रायपुर*

### *पुराने प्रकरण हो सकते हैं*

*56 के अलावा अगर और प्रकरण हैं, तो वे पुराने हो सकते हैं। पुराने प्रकरणों में अर्थदंड की राशि वसूली के बाद अपडेट किया जाता है।*

*- प्राची अवस्थी उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर*

# इस साल 130 नशे के सौदागरों को सजा, सबसे ज्यादा जीआरपी और टिकरापारा के आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

- दस माह के भीतर सवा सौ से ज्यादा लोगों को मिल चुकी है सजा

नए बीएनएस कानून लागू होने के बाद आरोपियों को रिकार्ड समय में सजा मिल रही है। मादक पदार्थ के अवैध कारोबार करने वाले तस्करों के खिलाफ कोर्ट भारी-भरकम जुर्माना लगाने के साथ ही कड़ी सजा सुना रही है। ऐसे ही एक मादक पदार्थ जब्ती के मामले में विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट ने तीन आरोपियों को 15-15 वर्ष कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपियों के कब्जे से आमानाका थाने की पुलिस ने पिछले वर्ष 10 नवंबर 2024 को 24 स्ट्रिप नींद की गोली जब्त की थी।

विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने दुर्ग, कुम्हारी निवासी गणेश ▶▶।शेष पेज 13 पर

### हर दूसरे, तीसरे दिन आ रहा फैसला

मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री करने वाले तस्करों के खिलाफ जिला न्यायालय में लगातार फैसले आ रहे हैं। एक जनवरी 2025 से लेकर अक्टूबर तक 130 लोगों को कैद के साथ जुर्माने की सजा मिली है।

### इन थाना क्षेत्र के इतने लोगों को सजा

एक जनवरी से 30 सितंबर के बीच जिन लोगों को जिन 123 तस्करों को सजा मिली है, उन थानों का विवरण इस प्रकार है

| | |
|---|---|
| टिकरापारा | 12 |
| तेलीबांधा | 09 |
| जीआरपी | 17 |
| पंडरी | 03 |
| गुढ़ियारी | 04 |
| आरंग | 02 |
| अभनपुर | 04 |
| डीआरआई | 03 |
| आजाद चौक | 06 |
| खमतराई | 07 |
| गंज | 06 |
| पुरानी बस्ती | 04 |
| धरसींवा | 03 |
| आमानाका | 04 |
| मंदिर हसौद | 04 |
| गोलबाजार | 05 |
| कोतवाली | 06 |
| सिविल लाइंस | 02 |
| तिल्दा नेवरा | 02 |
| विधानसभा | 02 |
| डीडीनगर | 06 |
| खम्हारडीह | 01 |
| उरला | 04 |
| खरोरा | 01 |
| सरस्वती नगर | 01 |
| ड्रग विभाग | 01 |

### एक माह से लेकर 20 साल तक की सजा

मादक पदार्थ के अवैध कारोबार करने वाले जिन आरोपियों को कैद की सजा सुनाई है, उनमें न्यूनतम एक माह कैद की सजा है। एक माह की सजा पाने वाले आरोपियों की संख्या गिनती के हैं। ज्यादातर मामलों में कोर्ट ने सात से 20 साल तक कैद की सजा सुनाई है। उनमें सर्वाधिक 10 से 15 वर्ष तक की कैद है।

# वक्फ बोर्ड के नोटिस से बिफरे दुकानदार, पूछा- 30 साल की दुकान अचानक अवैध कैसे

- 30 साल से चला रहे दुकान, अवैध कब्जा कैसे हुआ
- मकान, दुकान का टैक्स पटा रहे, जमीन की रजिस्ट्री पेपर हैं सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के पुरानी बस्ती इलाके में एक अरसे से रहने वाले 4 परिवारों को छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने नोटिस दिया है, जिससे प्रभावित परिवार बेहद नाराज हैं। उनका कहना है, उनके पास जमीन के पूरे दस्तावेज हैं, नगर निगम को हर साल मकान और दुकान का टैक्स पटाते हैं, फिर किस आधार पर नोटिस दिया गया? बोर्ड अपना कागज दिखाए और खसरा नंबर पहले चेक करे, त्योहार के समय नोटिस भेजकर जबरिया परेशान करना यह गलत है। वार्ड पार्षद अजय साहू ने भी इस पर आपत्ति जताते हुए कहा है, झूठी शिकायत करने वाले पर कार्रवाई होनी चाहिए।

दरअसल, छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड द्वारा पुरानी बस्ती क्षेत्र के 4 परिवारों को नोटिस भेजने पर बवाल मचा हुआ है। यह नोटिस गत दिनों डॉ. जौहरी, महाराजा स्वीट्स के संचालक राजेश कुमार और कान्हा प्रोविजन स्टोर्स के संचालक अरविंद अग्रवाल को भेजा है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड का दावा है कि पुरानी बस्ती क्षेत्र में ▶▶।शेष पेज 13 पर




## प्रभावितों ने हरिभूमि से ये कहा

### 7 दशक से निवास दुकान

35 साल से पुरानी बस्ती के रहवासी और कान्हा प्रोविजन स्टोर्स के संचालक अरविंद अग्रवाल ने बताया कि वे 7 दशक से वहां रह रहे हैं और 30 साल से दुकान चला रहे हैं। यह उनकी अपनी खुद की दुकान है, मकान और दुकान का नगर निगम को हर साल प्रापर्टी टैक्स जमा करते हैं। फिर अवैध कब्जा कैसे हुआ? जिसने शिकायत की है, वो अपना दस्तावेज बताए। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड की यह जमीन नहीं है। यह जमीन हमारी है, हमारे पास जमीन के रजिस्ट्री पेपर हैं।

### हमारे पास दस्तावेज हैं...

पुरानी बस्ती थाना के सामने स्थित महाराजा स्वीट्स के संचालक राजेश कुमार भैया का कहना है, मैंने 2007 में स्वर्गीय रमाशंकर शर्मा से दुकान खरीदी थी। स्वर्गीय शर्मा 60 साल से पुरानी बस्ती के रहवासी रहे हैं। हमारे पास दुकान के दस्तावेज हैं, जो इसे बोर्ड की जमीन पर बता रहे हैं वे अपना दस्तावेज दिखा दें, दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। खसरा नंबर पहले चेक करें। ऐन दीपावली त्योहार के समय नोटिस भेजकर हमें परेशान किया, यह बहुत गलत बात है। सालों से हम यहां आकर व्यापार कर रहे हैं।

### डॉक्टर की तीसरी पीढ़ी...

पुरानी बस्ती इलाके के जाने-माने डॉक्टर जौहरी की तीसरी पीढ़ी इस बात से हैरान है कि जिस जगह पर सालों से उनके परिवार का निवास है और उनके नाना दवाखाना चलाते रहे, अचानक उन्हें वक्फ बोर्ड वालों ने नोटिस भेज दिया, यह समझ से परे है। प्रभावित परिवार के सदस्य का कहना है कि घर का टैक्स निगम को भुगतान करते रहे हैं, पुराना नल कनेक्शन है, बिजली का मीटर लगा है। फिर बेवजह उन्हें परेशान क्यों किया जा रहा है। झूठी शिकायत करने वाले पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# दुर्ग से रायपुर पहुंचते ही सारनाथ के जनरल कोच फुल, आरपीएफ ने रस्सियों से संभाला मोर्चा लाइन लगवाकर यात्रियों को चढ़ाया





### *70 की जगह 100 से ज्यादा यात्री*

*सारनाथ एक्सप्रेस के जनरल कोच अब रेलवे और आरपीएफ के लिए चुनौती बन चुके हैं। एक कोच की क्षमता जहां 70 यात्रियों की है, वहीं शनिवार को एक जनरल कोच में 100 से ज्यादा यात्री चढ़े। कोच के भीतर चलने की जगह नहीं बची, फिर भी आरपीएफ ने व्यवस्थित रूप से यात्रियों को खड़ा कर चढ़ाया। रायपुर से निकलने के बाद बिलासपुर और अनूपपुर तक लगातार यात्री चढ़ते रहे। बिना अतिरिक्त कोच लगाए इस भारी भीड़ का सफर अब बेहद मुश्किल होता जा रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छठ पूजा नजदीक आते ही बिहार जाने वाली ट्रेनों में भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। स्पेशल ट्रेनों की सुविधा के बावजूद सबसे ज्यादा यात्री सारनाथ और बरौनी एक्सप्रेस में सफर कर रहे हैं, जो नियमित ट्रेनें हैं। शनिवार को जब सारनाथ एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर 7 पर पहुंची, तो चढ़ने वाले यात्रियों की संख्या 500 से भी ज्यादा रही। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। ट्रेन और स्टेशन पर कुल 53 जवान तैनात थे। साथ ही वाणिज्य विभाग के अधिकारी भी निगरानी में मौजूद रहे। आरपीएफ ने भीड़ को संभालने के लिए ट्रेन आने से पहले ही रस्सियों की मदद से यात्रियों को लाइन में खड़ा किया। जैसे ही ट्रेन पहुंची, कोच के गेट खोले गए और बारी-बारी से यात्रियों को अंदर चढ़ाया गया। वर्तमान में हालत यह है कि दुर्ग से रायपुर के बीच ही ट्रेन के चारों जनरल कोच पूरी तरह भर जा रहे हैं। स्लीपर कोच में भी 60 फीसदी सीटें सिर्फ रायपुर तक ही ▶▶।शेष पेज 13 पर

### भीड़ से बचने दुर्ग पहुंच रहे यात्री

सारनाथ व बरौनी एक्सप्रेस में बढ़ती भीड़ को देखते हुए अब कई यात्री रायपुर स्टेशन के बजाय सीधे दुर्ग स्टेशन से ट्रेन पकड़ने लगे हैं। खासकर जनरल डिब्बे में सफर करने वाले लोग पहले से दुर्ग पहुंच कर चढ़ रहे हैं, ताकि उन्हें सीट मिल सके और चढ़ने में परेशानी न हो। इसका असर यह हो रहा है कि अब रायपुर से ज्यादा भीड़ दुर्ग स्टेशन पर नजर आ रही है।

# बंगाल की खाड़ी में तैयार हो रहा तूफान

माह के अंत में बारिश के आसार, बस्तर के कुछ क्षेत्रों में जोरदार बरसात की संभावना

**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी में आने वाले दिनों में बनने वाले तूफान से माह के अंतिम दिनों में प्रदेश में बारिश होने की संभावना है। इसका ज्यादा असर बस्तर में रहने का अनुमान है। अभी नमी के प्रभाव से राज्य का न्यूनतम तापमान 2 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकार्ड किया जा रहा है। दिन में भी उमसभरी गर्मी परेशानी का कारण बनी हुई है। बादल छाने की वजह से मैदानी इलाके तक पहुंच चुकी ठंड लौट गई है। अब स्थिति यह हो गई है कि उमस वाली बेचैनी में पंखा भी राहत नहीं दे पा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार अभी एक अवदाब दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के पास स्थित है, जो आगे बढ़ते हुए पहले गहरा अवदाब फिर चक्रवात और 28 अक्टूबर को प्रबल चक्रवात (तूफान) के रूप में बदलने की ▶▶।शेष पेज 13 पर


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### रितु बंजारे डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

**मंदिर हसौद।** रितु बंजारे पिता दिलीप बंजारे जो स्वास्थ्य विभाग रायपुर में सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर कार्यरत है। की ज्येष्ठ सुपुत्री रितु बंजारे जो अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय बोस्टन (यूएसए) द्वारा एग्रीकल्चर विषय में उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से 4 अक्टूबर को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। उसकी इस सफलता के लिए सतनामी समाज से गुरु सोमेश साहेब संस्थापक सतनाम आध्यात्मिक शक्ति परिवार भंडारपुरी धाम, प्रहलाद रजक ओबीसी आयोग बेमेतरा, डॉ. प्रकाश गुप्ता पूर्व सिविल सर्जन रायपुर डॉ. ललित कुमार राय संचालक वैध गणेश कल्याण फाउंडेशन एव वेद गणेश क्लिनिक और पैथोलॉजी लैब मंदिर हसौद, नवीन मारकण्डे प्रदेश महा मंत्री भाजपा, संदीप जोशी व्यापारी संघ, डॉ. अशोक मार्कंडेय, डॉ. अश्विनी गायकवाड़, अधिवक्ता केआर बंजारे रायपुर, जय श्री बंजारे गौरव बंजारे अशोक जोगी यशवंत जोगी ने बधाई दिए और उसको उज्जवल भविष्य की कामना किया।

### कांग्रेस में संवाद कम विवाद ज्यादा : ठोकने

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कहा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के चयन के लिए नई दिल्ली में हुई बैठक के बाद भी प्रदेश में संगठन सृजन की कवायद में जुटे कांग्रेस नेतृत्व का किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाना यह बताता है कि कांग्रेस में नेताओं की कुलजमा सियासी हैसियत एक परिवार की परिक्रमा और चरण-वंदना से तय हो रही है। श्री ठोकने कहा, कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी इतनी बढ़ गई है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज अपनी उधार की कार्यकारिणी चला रहे हैं। श्री बैज ने अपने कार्यकाल के दो साल से ज्यादा समय निकाल दिया है लेकिन आज तक गुटबाजी के चलते अपनी कार्यकारिणी घोषित तक नहीं कर पाए हैं और यही वजह है कि जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पर सर्वसम्मति नहीं बन पा रही है।

# ताराशिव के मातर उत्सव में पारंपरिक वेशभूषा में यादव नृत्य की धूम मची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

समीपस्थ ग्राम ताराशिव में इस वर्ष मातर उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।ग्राम वासियों द्वारा सामूहिक भागीदारी के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती स्वाति वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गांव में मातर, मेला मड़ई मनाने की परंपरा है। यहां सुरहोती (दीपावली) के अगले दिन गोवर्धन पूजा और उसके बाद के दिन मातर कहा जाता है। मातर में मा का अर्थ है माता और तर यानी उनकी शक्ति को जगाना। इस पर्व में गाय अर्थात गौ माता की पूजा की जाती है। दईहान में गौ माता की पूजा की जाती है। मातर उत्सव में यादव, ठेठवार समुदाय के लोग पारंपरिक वेशभूषा



### बंगोली में मातर उत्सव की धूम से मनाया गया



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बंगोली में पंचदिवसीय दीपोत्सव पर्व पर दीप प्रज्ज्वलित कर परंपरागत राउत नाचा, सुवा,गौरा-गौरी पूजन ,अर्धरात्रि में माँ काली पूजन किया गया। भाई दूज के पावन पर्व पर अरसे से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए श्री रामकृष्ण लीला परिवार के तत्वावधान में, देवराज इन्द्र के कोप, मद मर्दन ,गो वंश के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से श्रीकृष्ण रास लीला एवं गिरि गोवर्धन पूजा की लीला का मंचन किया गया, इस अवसर पर अंचल के हजारों दर्शकों की उपस्थिति में कर्मचारी संगठन की अगुवाई में रात्रि सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान व डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर कृत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कलामंच "लोक रंजनी" का शानदार प्रदर्शन भी किया गया ।बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

में बाहों में बाहकर, पेटी, कौड़ी से बने साजू, रंग बिरंगी पगड़ी, हाथों में फुलेता (फूलों से संजी तेंदू की लाठी) और पांव में घुंघरू पहनकर इकट्ठा होते हैं। मातर उत्सव के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा, पूर्णिमा मनीष वर्मा सरपंच,हेमंत वर्मा उप सरपंच, भुलऊं राम वर्मा पूर्व सरपंच, सुरेश यादव पंच ,मानमती वर्मा पंच,बलराम वर्मा पंच, संतराम वर्मा,रामाधार वर्मा गुरुजी,जितेंद्र वर्मा,राज वर्मा, आलोक वर्मा, किशोर सिरमौर, अनिल नायक,पवन यादव,संतोष यादव, फिरण ठेठवार, सुखी ठेठवार, शिवकुमार ठेठवार, रामकरण यादव,पवन यादव, सहदेव यादव,दशरथ यादव किशन यादव,मनोज यादव, तारकेश्वर साहू,नितिन वर्मा, केशात वर्मा,ईश्वर साहू,कार्तिक राम साहू रूपेंद्र नायक,उमा साहू ,संध्या वर्मा, श्याम भाई यादव, चंदा यदु सहित काफी संख्या में ग्रामीण मातर उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## शिविर : कुरूद-सिलयारी में मेगा स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान का सफल आयोजन

# मेगा शिविर में हुआ ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण और युवकों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

- ग्राम पंचायत सरपंच की पहल पर जन-प्रतिनिधियों और स्वास्थ्य टीम ने दिया सहयोग

ग्राम पंचायत कुरूद-सिलयारी के मिडिल स्कूल में शनिवार को मानवता और जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए एक भव्य मेगा स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती रूखमणी साहू की प्रेरणा और नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया कराना और रक्तदान के महादान हेतु प्रेरित करना था। इस आयोजन में जंहा दर्जन भर से ऊपर लोगो ने रक्त दान किये तो दूसरी ओर सैकड़ो लोगो ने अपनी स्वस्थ परीक्षण करा कर स्वस्थ लाभ लिए। कार्यक्रम की शुरुआत सद्भावपूर्ण वातावरण में हुई, जहाँ जनपद सदस्य विजय साहू ने विधिवत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी उपस्थित लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। बता दे कि इस पुनीत आयोजन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम और डॉक्टर सोनम नायक की महती भूमिका रही, जिन्होंने अपनी विशेषज्ञता और समर्पण से शिविर को सफल बनाया। वहीं, रेड क्रॉस और एमजीएम अस्पताल की टीम की उपस्थिति ने रक्तदान के महत्व को और बढ़ाया।





### रक्त दान ही सच्ची जन सेवा : विजय साहू

जनपद सदस्य विजय साहू ने इस अवसर पर जनमानस को संबोधित करते हुए कहा आज हमने एक ऐसे कार्य की शुरुआत की है, जो सीधे तौर पर जनसेवा से जुड़ा है। स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। यह शिविर हमारी एकता और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। मैं सरपंच और पूरी स्वास्थ्य टीम को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने इस पुनीत कार्य को मूर्त रूप दिया। हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए, और रक्तदान करके हम न केवल किसी की जान बचाते हैं, बल्कि समाज के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन भी करते हैं।

### स्वास्थ्य सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचे : रूखमणी साहू

कार्यक्रम के आयोजक सरपंच श्रीमती रूखमणी साहू ने अपने संबोधन में कहा, /"ग्राम पंचायत का हमारा प्रयास है कि स्वास्थ्य सुविधाएँ हर नागरिक तक पहुँचे। यह मेगा शिविर इसी दिशा में एक कदम है। हमें खुशी है कि इतने सारे लोग स्वास्थ्य परीक्षण और रक्तदान के लिए आगे आए। मेरा मानना है कि ग्राम पंचायत केवल सड़क और नाली तक सीमित न रहकर, लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए ऐसे जन-सरोकार के कार्य भी करे। मैं सभी स्वास्थ्यकर्मियों, रेड क्रॉस और एमजीएम अस्पताल की टीम की आभारी हूँ, जिनकी मदद से यह आयोजन सफल हो पाया। आपकी भागीदारी ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है।

### स्वास्थ्य परीक्षण से मिला त्वरित लाभ

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बीपी, शुगर सहित कई बीमारियों की जांच कर मरीजों को चिह्नित किया गया। कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को स्वास्थ्य टीम द्वारा त्वरित इलाज का लाभ भी मिला, जिससे ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति एक नई जागरूकता और विश्वास पैदा हुआ। शिविर के अंत में, सभी ब्लड डोनर को विशेष प्रमाण पत्र जनपद सदस्य विजय साहू व सरपंच श्रीमती रूखमणी साहू ने बांटे। यह सम्मान रक्तदान के महादान में भागीदार बनने वाले हर नागरिक के निस्वार्थ योगदान को प्रोत्साहित करेगा और भविष्य में भी लोगों को इस पुनीत कार्य से जुड़ने की प्रेरणा देगा।

### इनकी भी रही उपस्थिति

जनपद सदस्य विजय साहू,सरपंच श्रीमती रूखमणी साहू,उप सरपंच गजेंद्र साहू,पंच उतरा वर्मा ,चंद्रिका कुर्रे,प्यारी कश्यप,थानेश्वर गिलहरे ,शेखर यादव , पुरुषोत्तम साहू ,पूर्व सरपंच कुमुदिनी चंद्रवंशी, प्रधान पाठक शिवदत्त कौशिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पूर्व मेयर दुबे ने पीएम को लिखा पत्र, कहा- मंत्रियों का दो-दो सरकारी बंगले में कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया है। साथ ही एक विशेष विषय पर उनका ध्यान आकृष्ट किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि प्रदेश में 10 मंत्रियों को 2-2 शासकीय बंगला आबंटन किया गया है। उन्होंने कहा है कि भारत के किसी भी राज्य में आवास आबंटन नीति के तहत किसी मंत्री को 1 शासकीय बंगला ही दिये जाने का नियम है। छत्तीसगढ़ के 10 मंत्री 2-2 बंगले में कब्जा कर 175 सेंट्रल सिविल सर्विस रूल्स की धज्जियां उड़ाकर दोनों जगह का उपयोग कर रहे हैं। इससे कैग की आडिट आपत्ति आ सकती है। मंत्री पद का दुरुपयोग करते हुए सारे मंत्री नया एवं पुराने रायपुर में दोनों शासकीय बंगलों का विगत 7 माह से भारी रकम खर्च कर रख रखाव की जिम्मेवारी कई विभागों को दे दी है। विभागीय बजट जो जनता के विकास कार्य में लगना चाहिये, वह मंत्रियों के शासकीय बंगलों के गार्डन, बिजली बिल, मेंटेनेंस एवं मेन पॉवर में लग रहे हैं।

### मिलने का मांगा समय

लगभग 60 हजार करोड़ का कर्ज विष्णुदेव सरकार ने विगत 2 वर्षों में ले लिया है। ऐसी परिस्थिति में मंत्रियों के 2-2 शासकीय बंगले रखे जाने से जनमानस में मंत्रियों के प्रति अविश्वास एवं जीरो टालरेंस धता बताने वाली साबित हो रही है। आपसे आग्रह है कि मैंने स्वतः आपसे मिलकर इसकी विस्तृत जानकारी तैयार की है। कलेक्टर के माध्यम से अगर समय प्रदान करेंगे।

## लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण : चीफ जस्टिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने शनिवार को जिला न्यायालय रायपुर और परिवार न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर पुराने लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा इनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक सुझाव व दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन प्रकरणों का नियमानुसार व प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। मुख्य न्यायाधीश इस दौरान अधिवक्ताओं से भी मिले। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा राज्य के समस्त जिला न्यायालयों का निरंतर निरीक्षण कर न्यायिक व्यवस्थाओं में सुधार व विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, जिसके फलस्वरूप न्यायिक व्यवस्था में आमूलचूल सकारात्मक परिवर्तन भी हो रहे हैं तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण भी हो रहा है। विदित हो कि मुख्य न्यायाधीश द्वारा पूर्व में भी जिला रायपुर का निरीक्षण किया जा चुका है। पूर्व निरीक्षण में पाई गई कमियों के निराकरण पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान जिला न्यायालय रायपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा सहित अन्य न्यायिक अधिकारी के साथ ही जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में उच्च न्यायालय में दीपावली पर्व का अवकाश चल रहा है। अवकाश के दौरान भी विभिन्न जरूरी प्रकरणों पर सुनवाई की जा रही है तथा सुदृढ व सुचारू न्यायालयीन व्यवस्था के लिए विभिन्न न्यायालयों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जा रहा है।

## शोभायात्रा निकाली व किया मां लक्ष्मी प्रतिमा का विसर्जन





**कूंरा।** हटरी चौंक पटेल भवन के पास नगरपंचायत कूंरा में धनतेरस दिवस के दिन स्थापित माता लक्ष्मी जी की मूर्ति का शनिवार को समितियों के सदस्य एवं मोहल्ले वासियों की महिलाओं के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकालकर विसर्जन माता शीतला तालाब में किया गया ।

इस दौरान माता लक्ष्मी जी की शोभा यात्रा में समिति द्वारा जस गीत झांकी लोगो के लिए आकर्षण के केंद्र रहा है जिसे देखने पूरे नगर के लोग पूरे अंतिम दौर तक भारी भीड़ के साथ शांति माहौल के साथ जुटे रहे और नगर के लोग ग्राम गबदा की जसगीत झांकी देखकर आनंदित हुए ।

## पंजीयन नहीं होने पर करेंगे किसान हाईवे जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



एग्रीस्टेक पोर्टल में धान के लिए पंजीयन की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर निर्धारित है। हकीकत यह है कि अगर 15 नवंबर तक भी तिथि बढाया गया तो भी शासन पेंडिंग प्रकरण का पंजीयन नहीं कर सकता यह किसानों को पता चल गया है कि सरकार किसानों का पूरा धान खरीदना नहीं चाहती। इससे शनिवार को पचास गांव के किसान प्रमुखों ने आरंग कृषि उपज मंडी में बैठक कर निर्णय लिया कि पोर्टल में अनिवार्यता समाप्त करें या हर किसान के सभी रकबे का धान पुरानी पद्धति से करें, इस वर्ष कीट व्याधि से धान फसन की भारी क्षति हुआ है जिसका भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा राजस्व परिपत्र 6-4 से किया जावे, गंगरेल सहित सभी बांधों में पर्याप्त जलभराव को देखते हुए तत्काल ग्रीष्मकालीन धान फसल लेने का फैसला लिया जावे, सहकारी समिति मे किसानों का जमा अमानत राशि पर ब्याज दिया जावे, जमीन खरीदी बिक्री मे ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता यथावत रखी जावे ताकि फर्जीवाडा न हो सके। समस्त मांगे 31 अक्टूबर तक पूर्ण नही किया गया तो 1 नवम्बर को नेशनल हाईवे पर रसनी टोल प्लाजा के पास मेगा जाम किया जाएगा। सैंकड़ो किसानो ने थाना पहुंच कर नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री, कलेक्टर, एसडीएम के नाम ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन देने वालों में पारसनाथ साहू, वतन चन्द्राकर, द्वारिका साहू, योगेश चंद्राकर, श्रवण चन्द्राकर, धनाजी, हिरेश, दौलतराम, विजयेन्द्र, केके चन्द्राकर, गोविन्द, खिलेश देवांगन, प्रवीण बलराम, झनकराम, घसियाराम भूषणलाल, कमलनारायण, रामशरण, नरोत्तम, केशव, धनेश, उमेश चन्द्राकर सहित सैकडों किसान उपस्थित थे।

## अपार आईडी बनाने के लक्ष्य को लेकर शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शुक्रवार को जिला कलेक्टर रायपुर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देश के अनुपालन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड शिक्षा कार्यालय एवं बीआरसी कार्यालय में 100% अपार आईडी जनरेट करने विषयक शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बीईओ दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी का अपार आईडी बनना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें टारगेट को पूरा करना शिविर का उद्देश्य है तथा यह आईडी विद्यार्थी की 12 अंकीय स्थायी विशिष्ट पहचान है। इस शिविर में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लखेश्वर रात्रे सर एवं टेक्निकल एक्सपर्ट शिक्षक गण अभिषेक तिवारी, गिरजा शंकर अग्रवाल, रूपेंद्र साहू आदि ने अपार आईडी क्रिएट करने में आने वाली टेक्निकल दिक्कतें जैसे स्पेलिंग मिस्टेक, आधार कार्ड में समस्या, यू डाइस एंट्री आदि का त्वरित समाधान किया ज्ञात हो कि यह शिविर कल शनिवार को भी अपरण 2 बजे तक आयोजित होगा।

इस अवसर पर संकुल प्राचार्य जयश्री गुप्ता, लायक सिंह डहरिया, संकुल समन्वय गण हरीश दीवान, धनंजय साहू आदि एवं शैक्षिक समुदाय नेत्रचंद जोशी, अरविंद वैष्णव, तारकेश्वर डडसेना, नोहर लाल यादव, पुनेश्वर साहू,आदि 48 संकुल से शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# ड्राइवर महासंगठन की हड़ताल से आवागमन ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- आरंग में 'स्टीयरिंग छोड़ो आंदोलन शुरू

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 25 अक्टूबर से राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन 'स्टीयरिंग छोड़ो आंदोलन' प्रारंभ कर दिया है। इस आंदोलन के तहत प्रदेशभर के ट्रक, बस, ऑटो, टैक्सी और सभी मालवाहक वाहन चालकों ने अपने वाहन खड़े कर दिए हैं और बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सेन (लखौली वाले) ने बताया कि संगठन ने सरकार को 21 अक्टूबर 2024, 19 मार्च 2025 और 6 जून 2025 को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन उनकी मांगों पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। संगठन ने 6 जून को ही चेतावनी दी थी कि 1 अक्टूबर 2025 तक निर्णय न होने पर 25 अक्टूबर से प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### आम जनता को भारी परेशानी

आंदोलन के कारण आज सुबह से ही रायपुर की ओर जाने वाले मार्गों पर आवागमन बुरी तरह बाधित रहा। आरंग, लखौली, मंदिर हसौद सहित आसपास के इलाकों से रोजाना कामकाज के लिए रायपुर जाने वाले लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। बस और ऑटो उपलब्ध न होने से बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा पैदल या वैकल्पिक साधनों से सफर करने को मजबूर हुए। ड्राइवरों की इस हड़ताल से कई औद्योगिक क्षेत्रों और निर्माण स्थलों पर कामकाज भी प्रभावित हुआ है। मजदूरों और कर्मचारियों ने शासन से अपील की है कि वह जल्द से जल्द आंदोलनरत ड्राइवरों से चर्चा कर हड़ताल समाप्त करवाए, ताकि उनका दैनिक जीवन सामान्य हो सके। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक शासन उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेता, यह आंदोलन जारी रहेगा।

### संगठन की प्रमुख तीन सूत्रीय माँगें

1. प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी लागू की जाए।
2. ड्राइवर सुरक्षा आयोग का गठन किया जाए।
3. ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड की स्थापना की जाए।

संगठन का कहना है कि ड्राइवर राज्य की आर्थिक और परिवहन व्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा और कल्याण के लिए अब तक कोई स्थायी नीति नहीं बनाई गई है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक टोपुदास गेन्डरे पिता कविदास निवासी निमोरा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अपने पुत्री कु. सानिया गेन्डरे पिता टोपुदास गेन्डरे का जन्म प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिनका जन्म दिनांक 12/10/2019 है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 28/10 /2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 13/10/2025 को जारी किया गया।

(मुहर) **नायब तहसीलदार अभनपुर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्री कला राम साहू, पिता स्व. श्री प्रेम लाल साहू, निवासी- जोरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता श्री योगेश तलमले, पिता स्व. श्री ननकूराम तलमले, निवासी एम.आई.जी 364, दीन दयाल उपाध्या नगर, सेक्टर 01, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक कब्जे एवं स्वामित्व की आवासीय आबादी भूमि जोरापारा, पं जवाहर लाल नेहरू वार्ड 37, नया वार्ड नं इंदरा गांधी वार्ड नं 27, जिसका मकान नं RPR737A0111A मौजा रायपुर खास, प.ह.न नंबर- 62, रा.नि.म रायपुर-12, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित है जिसका खसरा नंबर- 424 रकबा 400 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना की राशि अदा कर दिया गया है। जिसके संबंध में उभय पक्षकारो के माध्य एक विक्रय इकरारनामा का निष्पादन किया गया है, तथा मात्र विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन किया जाना शेष है।

यह कि उपरोक्त क्रय विक्रय पर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, बीमा केन्द्र शासन राज्य शासन साहूकार आदि को कोई आपित्त हो तो वह अपने लिखित आपत्ति इस सुचना प्रकाशन से 5 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय सुसंगत दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें। समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से की गई आपत्ति / खंडन स्वीकार योग्य नही होगी। निर्धारित समयावधि पश्चात विक्रय पत्र की पंजीयन का निष्पादन करवा ली जावेगी, बाद मियाद प्राप्त आपित्त झूठी एवं नाजायज करार दी जायेगी। तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 25/10/2025 **भवदीय**
**राजकुमार शर्मा,ए.के शर्मा**
**अनिल सुराना, नोटरी / अधिवक्ता**
**अधिवक्तागण**
**ऑफिस /निवास- बढईपारा रायपुर छ.ग.**
**मोबाईल नंबर- 9827405902**



# आरएसएस का एक नवंबर से घर-घर संपर्क अभियान, बताएंगे संघ के कार्य, देंगे भारत माता की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष है। इसके लिए कई कार्यक्रम तय किए गए हैं। इस माह 15 दिनों तक प्रदेश में दो हजार स्थानों पर पंथ संचलन का कार्यक्रम किया गया है। सबसे अहम प्रदेश के सभी हिंदू परिवारों के घरों तक जाने का कार्यक्रम है। एक नवंबर से घर-घर संपर्क अभियान प्रारंभ होगा जो माहभर चलेगा। प्रदेश के सभी हिंदू घरों तक स्वयंसेवक जाएंगे। लोगों को आरएसएस के बारे में बताने के साथ ही सभी को भारत माता की तस्वीर भेंट की जाएगी। इसके बाद दिसंबर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन होगा। इसमें आरएसएस के 1601 मंडल और शहरी क्षेत्रों की 666 बस्तियां शामिल हैं। इन सम्मेलनों में साधु, संतों के साथ समाज के प्रमुखों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसी के साथ सालभर लगातार कार्यक्रम होंगे।

अलग खबर

आरएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष में सालभर के लिए कार्यक्रम तय किए हैं। इसका आगाज विजयादशमी से किया गया। विजयादशमी पर आरएसएस हमेशा से पथ संचलन का आयोजन करता है। इस बार दो अक्टूबर को विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक प्रदेश में दो हजार स्थानों पर पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया। ऐसा पहली बार हुआ है, जब पंथ संचलन का कार्यक्रम पखवाड़े भर चला है।

## 1601 मंडलों और 666 बस्तियों में होंगे दिसंबर में हिंदू सम्मेलन

### घर-घर जाएंगे, देंगे भारत माता की तस्वीर

एक नवंबर से घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश के घर गांव के हिंदू परिवारों के घरों तक स्वयंसेवक जाएंगे और उनको आरएसएस के सौ सालों में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी देंगे। लोगों को संघ का साहित्य भी वितरित किया जाएगा। इसमें एक सशुल्क 15 रुपए की पुस्तक भी होगा, जो इसको लेना चाहेंगे उनको पुस्तक शुल्क लेकर दी जाएगी। सबसे अहम सभी घरों में भारत माता की तस्वीर निःशुल्क दी जाएगी। इस संपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को संघ से जोड़ने का काम किया जाएगा। इसी के साथ संघ की शाखाओं का भी प्रदेश में विस्तार किया जाएगा। इस समय प्रदेश में 1855 शाखाएं हैं।



### हर हिंदू परिवार के घर जाएंगे

घर-घर संपर्क अभियान में प्रदेश के हर हिंदू के घर तक जाएंगे। इस कार्यक्रम में सर्व समाज का भी सहयोग लिया जाएगा।

- टोपलाल वर्मा, प्रांत संघचालक

### युवा सम्मेलन और गोष्ठी

कार्यक्रमों की कड़ी में जनवरी में युवाओं के लिए युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 221 स्थानों पर होगा। इसमें 152 खंड और 69 नगर शामिल हैं। इसमें युवाओं की समस्याओं को भी जानने के साथ उनका निदान कैसे हो इस पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा मार्च में एक अलग तरह का आयोजन प्रमुख जन गोष्ठी होगी। इसमें अलग-अलग वर्गों के प्रमुख शामिल होंगे। जैसे ऑटो, ट्रक, टैक्सी के वाहन चालक। किसान, वकील, व्यापारी इनके प्रमुखों को बुलाकर एक मंच दिया जाएगा।

### दिसंबर में होंगे हिंदू सम्मेलन

आरएसएस ने हिंदू समाज को संगठित करने के लिए ही देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया है। छत्तीसगढ़ में आरएसएस के 1601 मंडल हैं। ये मंडल प्रदेश के 19 हजार से ज्यादा गांवों को मिलाकर बनाए गए हैं। एक मंडल में आठ से दस गांवों का रखा गया है। अब हर मंडल में हिंदू सम्मेलन होंगे। इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में 666 बस्तियां हैं। इनमें भी हिंदू सम्मेलन होंगे। प्रांत संघ चालक टोप लाल वर्मा ने बताया, हिंदू सम्मेलन करने का मकसद समाज को संगठित करना है। सम्मेलनों में मंडलों से जुड़े गांवों के लोगों को एक मंच पर लाएंगे। सम्मेलन में साधु, संतों के साथ विभिन्न समाज से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। इसमें इनका मार्गदर्शन मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल को लोक सेवा आयोग ने सौंपा प्रतिवेदन

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से शनिवार को राजभवन में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष सुश्री रीता शांडिल्य ने मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग का चौबीसवां वार्षिक प्रतिवेदन श्री डेका को सौंपा। इस अवसर पर राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा, डॉ. सरिता उइके, संतकुमार नेताम, चंद्र कुमार अजगले एवं परीक्षा नियंत्रक लीना कोसम उपस्थित थीं।

### मंडावी अजजा आयोग के अध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर।** राज्य शासन ने बस्तर के फरसागुडा निवासी रूपसिंह मंडावी को छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने इसका आदेश जारी करते हुए बताया कि है कि छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग अधिनियम के संशोधित अधिनियम के प्रावधान पर यह नियुक्ति की गई है।

## संगठन सृजन अभियान पर सियासत

# केदार का तंज-कांग्रेस में जिलाध्यक्षों को भ्रष्टाचार की ट्रेनिंग बैज बोले-भाजपा प्रशिक्षण शिविर में होता है नाच-गाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को लेकर बीजेपी और कांग्रेस के बीच एक बार फिर से सियासत शुरू हो गई है। मंत्री केदार कश्यप ने इसे लेकर तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस के जिला अध्यक्षों को भ्रष्टाचार की ट्रेनिंग दी जा रही है। आधे से ज्यादा कांग्रेस नेता जेल में हैं। कांग्रेस में तो टिकट लेन-देन का खेल चलता है। मंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में तो नाच-गाना होता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मंत्री कश्यप के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में नाच-गाना होता है। महाराष्ट्र के तावड़े जैसे भ्रष्ट लोग ट्रेनिंग देने आते हैं, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है। छत्तीसगढ़ रेलवे पर छठ गीत चलाए जाने को मंत्री केदार कश्यप ने कहा, यह आस्था से जुड़ा विषय है, राजनीति से नहीं। पीएम मोदी देवालयों पर भी जाते हैं। वह आम जनता को संस्कृति, स्वच्छता और पौधारोपण से जोड़ने की बात भी करते हैं। पीसीसी अध्यक्ष ने इस बयान पर कहा, छठ बिहार का प्रमुख त्योहार है, यह पूरे देश में मनाया जाता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, प्रधानमंत्री इसे इवेंट बना रहे हैं। ऐसा दर्शाने की कोशिश हो रही है कि जैसे पहली बार हो रहा है।



### शिक्षक भर्ती पर बैज ने सरकार को घेरा

प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, सरकार युवाओं से झूठ बोल रही है। भाजपा ने 1 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन 5 हजार को ही नौकरी दी जा रही है। तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन ने कहा था 35 हजार भर्ती करेंगे, ओपी चौधरी ने 20 हजार भर्ती की बात कही थी। अब सरकार आंकड़े जारी कर दे कि 2 साल में कितने युवाओं को नौकरी दी गई।

### ईओडब्ल्यू की प्रकिया संदिग्ध

एसीबी-ईओडब्ल्यू के अफसरों की सुनवाई पर पीसीसी चीफ बैज ने कहा कि अदालत में 164 के मामले में पक्ष रखा जाएगा। ईओडब्ल्यू की प्रक्रिया संदिग्ध है, किसी को जबरन फंसाना, बयान बदलवाना या अदालती मामलों में दखल देना गैरकानूनी है। कांग्रेस और कोर्ट दोनों इस मामले में गंभीर हैं।

### ड्राइवर आंदोलन को कांग्रेस का समर्थन

11 सूत्रीय मांगों को लेकर ड्राइवर संघ की शनिवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गयी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, शराबबंदी की मांग को लेकर युवा सड़क पर उतरे हैं। गली-गली शराब बिक रही। हड़ताल को कांग्रेस समर्थन दे रही है।

### नई स्क्रिप्ट तैयार कर रहे- बैज

राज्योत्सव को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, धान खरीदी नहीं हो रही। जनता इलाज के लिए भटक रही और सरकार अपने आका को खुश करने में जुटी है। मोदी सरकार की प्रदर्शनी मोगैंबो भी खुश, फिल्म भी हिट और नई तरह की स्क्रिप्ट भी तैयार कर रहे हैं।

# पूर्व मेयर दुबे ने पीएम को लिखा पत्र, कहा- मंत्रियों का दो-दो सरकारी बंगलों पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





नगर निगम रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया है। साथ ही एक विशेष विषय पर उनका ध्यान आकृष्ट किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि प्रदेश में 10 मंत्रियों को 2-2 शासकीय बंगला आबंटन किया गया है।

■ नियमों के विपरीत 7 माह से बंगलों के रखरखाव में भारी रकम कर रहे खर्च

उन्होंने कहा है कि भारत के किसी भी राज्य में आवास आबंटन नीति के तहत किसी मंत्री को 1 शासकीय बंगला ही दिये जाने का नियम है। छत्तीसगढ़ के 10 मंत्री 2-2 बंगले में कब्जा कर 175 सेंट्रल सिविल सर्विस रूल्स की धज्जियां उड़ाकर दोनों जगह का उपयोग कर रहे हैं। इससे कैग की आडिट आपत्ति आ सकती है।

मंत्री पद का दुरुपयोग करते हुए सारे मंत्री नया एवं पुराने रायपुर में दोनों शासकीय बंगलों का विगत 7 माह से भारी रकम खर्च कर रख रखाव की जिम्मेवारी कई विभागों को दे दी है। विभागीय बजट जो जनता के विकास कार्य में लगना चाहिये, वह मंत्रियों के शासकीय बंगलों के गार्डन, बिजली बिल, मेंटेनेंस एवं मेन पॉवर में लग रहे हैं।

### मिलने का मांगा समय

लगभग 60 हजार करोड़ का कर्ज विष्णुदेव सरकार ने विगत 2 वर्षों में ले लिया है। ऐसी परिस्थिति में मंत्रियों के 2-2 शासकीय बंगले रखे जाने से जनमानस में मंत्रियों के प्रति अविश्वास एवं जीरो टालरेंस धता बताने वाली साबित हो रही है। आपसे आग्रह है कि मैंने स्वतः आपसे मिलकर इसकी विस्तृत जानकारी तैयार की है। कलेक्टर के माध्यम से अगर समय प्रदान करेंगे, तो बड़ी कृपा होगी।

# लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण : चीफ जस्टिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने शनिवार को जिला न्यायालय रायपुर और परिवार न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर पुराने लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा इनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक सुझाव व दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन प्रकरणों का नियमानुसार व प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। मुख्य न्यायाधीश इस दौरान अधिवक्ताओं से भी मिले। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा राज्य के समस्त जिला न्यायालयों का निरंतर निरीक्षण कर न्यायिक व्यवस्थाओं में सुधार व विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, जिसके फलस्वरूप न्यायिक व्यवस्था में आमूलचूल सकारात्मक परिवर्तन भी हो रहे हैं तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण भी हो रहा है। विदित हो कि मुख्य न्यायाधीश द्वारा पूर्व में भी जिला रायपुर का निरीक्षण किया जा चुका है। पूर्व निरीक्षण में पाई गई कमियों के निराकरण पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान जिला न्यायालय रायपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा सहित अन्य न्यायिक अधिकारी के साथ ही जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में उच्च न्यायालय में दीपावली पर्व का अवकाश चल रहा है। अवकाश के दौरान भी विभिन्न जरूरी प्रकरणों पर सुनवाई की जा रही है तथा सुदृढ व सुचारू न्यायालयीन व्यवस्था के लिए विभिन्न न्यायालयों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जा रहा है। औचक निरीक्षण के दौरान उनके साथ रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव, संयुक्त रजिस्ट्रार कम पीपीएस एमवीएलएन सुब्रहमन्यम एवं प्रोटोकॉल ऑफिसर आरएस नेगी भी उपस्थित रहे।

## आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह संग्रहालय का नेताम ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर अटल नगर में आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर बने भव्य एवं आकर्षक संग्रहालय के लोकार्पण के लिए तैयारी जोरों पर है। आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने शनिवार को संग्रहालय पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 नवंबर को शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह संग्रहालय का उदघाटन करेंगे। यह संग्रहालय 50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। यहां 14 गैलरियों में अंग्रेजी हुकूमत काल में जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की लगभग 650 मूर्तियां लगाई गई है। जनजातीय विद्रोहों के बारे में लोग आसानी से समझ सके इस लिहाज से डिजीटली व्यवस्था भी की गई है। मंत्री श्री नेताम ने निरीक्षण मौके पर कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी की परिकल्पना का परिणाम है कि जनजातीय वर्गों के ऐतिहासिक गौरव गाथा, शौर्य



और बलिदान का प्रतीक संग्रहालय-सह स्मारक लोगों के समर्पित हो रहा है और यह संग्रहालय नई पीढ़ियों को पुरखों की वीर गाथाओं को अवस्मरणीय बनाएगा। मंत्री श्री नेताम ने सभी आवश्यक तैयारियां व निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय में डिजीटलीकरण कार्य, दिव्यांगजनों हेतु पृथक पार्किंग व्यवस्था, सॉवेनियर शॉप, गार्डनिंग, वॉटर सप्लाई की स्थिति का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ आदिम जाति विकास विभाग प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, टीआरटीआई संचालक हिना अनिमेष नेताम सहित निर्माण कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# केवायसी की समय-सीमा खत्म, अब पोर्टल में ब्लॉक या हटाए जा सकते हैं सदस्यों के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत केवायसी कराने की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर को खत्म हो गई। इसी के साथ अब प्रदेश में छूटे हुए राशन कार्ड सदस्यों के नाम विभाग के पोर्टल में ब्लॉक या फिर हटाए जा सकते हैं। हालांकि इस संबंध में विभागीय अधिकारी अधिकृत रूप से अभी कोई भी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि संचालनालय से आदेश आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। इधर जिन सदस्यों ने केवायसी नहीं कराया है, उनमें ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम पर उचित मूल्य की दुकानों से हर महीने खाद्यान्न उठाया जा रहा है। जैसे ही पोर्टल से उनके नाम ब्लॉक या हटा दिए जाएंगे, उनके कोटे का खाद्यान्न कार्ड धारक को मिलना भी बंद हो जाएगा।



### 5 वर्ष तक के सदस्यों की संख्या 10 लाख से अधिक

विभागीय आकड़ों के अनुसार प्रदेशभर में जिन सदस्यों ने अभी तक केवायसी नहीं कराया है, उनमें 5 वर्ष तक के बच्चों की संख्या भी 10 लाख 24 हजार 711 है। इसके अलावा हजारों सदस्य ऐसे भी हैं, जिनकी आयु 5 वर्ष से अधिक तथा 18 वर्ष से कम है। इसी प्रकार 60 वर्ष से लेकर 80 वर्ष के बीच आयु वर्ग के सदस्यों की संख्या भी हजारों में है।

### इसलिए घटाया गया टारगेट

प्रदेशभर में ईकेवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों के लिए बारंबार अंतिम तारीख बढ़ाई गई है। इसके बाद भी सदस्य केवायसी नहीं करा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इसे देखते हुए विभाग ने अब यह मान लिया है कि इन छूटे हुए सदस्यों में अपात्र के अलावा कई की मृत्यु हो गई तथा राज्य छोड़कर जा चुके हैं। इस कारण विभाग ने केवायसी का टारगेट भी कम कर दिया है।

### 33 लाख सदस्यों ने नहीं कराया विभाग ने 2 लाख का दिया था लक्ष्य

वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत प्रत्येक कार्ड सदस्य को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसके बाद भी छत्तीसगढ़ में 33 लाख से ज्यादा सदस्य हैं जिन्होंने ई-केवायसी नहीं कराया है। इन छूटे हुए सदस्यों के लिए कई बार ई-केवायसी की अंतिम तारीख को आगे बढ़ाया गया है। इसके बाद भी इन सदस्यों द्वारा ई-केवायसी नहीं कराया जा रहा है। इसे देखते हुए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने नया फरमान जारी किया था, जिसमें लगभग 31 लाख सदस्यों के स्थान पर सिर्फ 2 लाख 21 हजार 119 सदस्यों का केवायसी कराने का लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए 25 अक्टूबर तक का समय अफसरों को मिला है, जो अब खत्म हो गया।

### 10 अक्टूबर को जारी हुआ था आदेश

विभाग की संचालक डा. फरिहा आलम ने 10 अक्टूबर 2025 को प्रदेशभर में 2 लाख 21 हजार 119 सदस्यों का ई-केवायसी करने का लक्ष्य से संबंधित आदेश जारी किया है। इस आदेश में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है कि प्रदेशभर में कुल 81 लाख 97 हजार राशन कार्डों में 2.73 करोड़ सदस्य पंजीकृत हैं। इन सदस्यों में 2.29 करोड़ सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हुआ है, वहीं 3316778 सदस्यों ने ई-केवायसी नहीं कराया है। छूटे हुए सदस्यों का ई-केवायसी के लिए अंतिम तारीख 30 सितंबर 2025 निर्धारित की गई थी। इसके बाद भी इन सदस्यों ने ई-केवायसी नहीं कराया है। इसे देखते हुए विभाग ने छूटे हुए कुल सदस्यों का 6.67 प्रतिशत सदस्यों का ही केवायसी कराने का लक्ष्य दिया है।

न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक टोपुदास गेन्डरे पिता कविदास निवासी निमोरा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अपने पुत्री कु. सानिया गेन्डरे पिता टोपुदास गेन्डरे का जन्म प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिनका जन्म दिनांक 12/10/2019 है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 28/10 /2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 13/10/2025 को जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
अभनपुर

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्री कला राम साहू, पिता स्व. श्री प्रेम लाल साहू, निवासी- जोरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता श्री योगेश तलमले, पिता स्व. श्री ननकूराम तलमले, निवासी एम.आई.जी 364, दीन दयाल उपाध्या नगर, सेक्टर 01, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक कब्जे एवं स्वामित्व की आवासीय आबादी भूमि जोरापारा, पं जवाहर लाल नेहरू वार्ड 37, नया वार्ड नं इंदरा गांधी वार्ड नं 27, जिसका मकान नं RPR737A0111A मौजा रायपुर खास, प.ह.न नंबर- 62, रा.नि.म रायपुर-12, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित है जिसका खसरा नंबर-424 रकबा 400 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना की राशि अदा कर दिया गया है। जिसके संबंध में उभय पक्षकारो के माध्य एक विक्रय इकरारनामा का निष्पादन किया गया है, तथा मात्र विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन किया जाना शेष है।

यह कि उपरोक्त क्रय विक्रय पर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, बीमा केन्द्र शासन राज्य शासन साहूकार आदि को कोई आपित्त हो तो वह अपने लिखित आपत्ति इस सुचना प्रकाशन से 5 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय सुसंगत दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें। समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से की गई आपत्ति / खंडन स्वीकार योग्य नही होगी। निर्धारित समयावधि पश्चात विक्रय पत्र की पंजीयन का निष्पादन करवा ली जावेगी, बाद मियाद प्राप्त आपित्त झूठी एवं नाजायज करार दी जायेगी। तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 25/10/2025 भवदीय
राजकुमार शर्मा,ए.के शर्मा
अनिल सुराना, नोटरी / अधिवक्ता
अधिवक्तागण
ऑफिस /निवास- बढईपारा रायपुर छ.ग.
मोबाईल नंबर- 9827405902

# कांग्रेस में संवाद कम विवाद ज्यादा : ठोकने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कहा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के चयन के लिए नई दिल्ली में हुई बैठक के बाद भी प्रदेश में संगठन सृजन की कवायद में जुटे कांग्रेस नेतृत्व का किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाना यह बताता है कि कांग्रेस में नेताओं की कुलजमा सियासी हैसियत एक परिवार की परिक्रमा और चरण-वंदना से तय हो रही है। श्री ठोकने कहा, कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी इतनी बढ़ गई है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज अपनी उधार की कार्यकारिणी चला रहे हैं। श्री बैज ने अपने कार्यकाल के दो साल से ज्यादा समय निकाल दिया है लेकिन आज तक गुटबाजी के चलते अपनी कार्यकारिणी घोषित तक नहीं कर पाए हैं और यही वजह है कि जिला अध्यक्षों की



नियुक्ति पर सर्वसम्मति नहीं बन पा रही है और जिला अध्यक्षों की घोषणा के लिए तारीख पे तारीख दी जा रही है। श्री ठोकने ने कहा, आज हालत यह है कि किसी एक का नेतृत्व कांग्रेस को स्वीकार नहीं है। कांग्रेस में संवाद कम, और विवाद ज्यादा होने के चलते कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से बिखर चुकी है और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट भी अपनी पार्टी को जोड़ने में नाकाम रहे हैं। छत्तीसगढ़ में 36 टुकड़ों में बंटी नजर आ रही कांग्रेस के नेतृत्व को 17 ऑब्जर्वर नियुक्त करने पड़े।

## प्रतिमा अनावरण एवं परिसर लोकार्पण में शामिल हुए केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन मंत्री केदार कश्यप शनिवार को मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान मंडला में परिसर लोकार्पण एवं मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने पूर्व सांसद स्व. श्यामलाल धुर्वे की स्मृति में परिसर का लोकार्पण एवं मूर्ति का अनावरण किया। यह कार्यक्रम स्व. धुर्वे के जन्म स्थान बम्हनी जिला मंडला मध्यप्रदेश में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री कश्यप ने स्व. धुर्वे के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव जनसेवा को प्राथमिकता दी और समाज में विकास की अलख जगाई। वे अपने सरल स्वभाव, ईमानदारी और जनहित के कार्यों के लिए प्रसिद्ध रहे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## नर्सिंग संवर्ग ने मांगा समयमान-वेतनमान

**रायपुर।** चिकित्सा शिक्षा विभाग के नर्सिंग संवर्ग को समयमान वेतनमान नहीं दिया जा रहा है। संघ द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मिलकर अपनी बात रखी है। संघ की प्रातांध्यक्ष डा. रीना राजपूत ने बताया कि पांच साल में स्टाफ नर्स से नर्सिंग सिस्टर या नर्सिंग प्रदर्शक पद पर पदोन्नत किए जाने का नियम है। किसी कारणवश पदोन्नति नहीं दी गई हो तो शासन द्वारा 10 वर्षों की सेवा अवधि पूर्ण करने के पश्चात समयमान वेतनमान दिए जाने का नियम है। उन्होंने बताया कि कई नर्सिंग स्टाफ को शासकीय सेवा के 16 वर्ष बीत चुके हैं । इस अवधि में उन्हें 2 पदोन्नति मिल जानी चाहिए थी मगर ऐसा नहीं हुआ और ना समयमन वेतनमान का लाभ मिल रहा है। कुछ नर्सिंग संवर्ग सेवानिवृत्त हो चुके है और कुछ लोगों की मृत्यु तक हो गई परन्तु अभी तक शासकीय नियम के अनुसार दिया जाने वाला समयमन वेतनमान नहीं दिया गया है। नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा शासन प्रशासन स्तर पर कई वर्षों से पत्राचार किया जा रहा है मगर अब तक निराशा ही हाथ लगी है।

## महावीर नगर और अमलीडीह में चरमराई सफाई व्यवस्था

**रायपुर।** जोन-10 अंतर्गत महावीर नगर एवं अमलीडीह इलाके की विभिन्न कॉलोनियों तथा आसपास सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। इन कॉलोनियों में पिछले कई महीनों से नालियों की न ही सफाई हो पाई है और न ही खाली प्लॉट पर पड़े कचरे को उठाया गया है। दीपावली त्योहार के दौरान शासकीय दो दिन के अवकाश के बाद 2 दिन तक इन कॉलोनियों में घर-घर कचरा कलेक्शन लेने वाली गाड़ियां भी नहीं पहुंची थीं, जिसके कारण कई लोगों ने घरों का कचरा खाली पड़े प्लॉट पर फेंक दिया। नियमित सफाई नहीं होने क्षेत्र में अब मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा है, जिससे मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारी का खतरा भी लोगों पर मंडरा रहा है।

# 10 दिनों के बाद मंगलवार से दफ्तरों में लौटेगी रौनक, 3 दिन खुले उसमें भी कई कर्मचारी छुट्टी पर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के सभी शासकीय दफ्तरों में अब सीधे मंगलवार से रौनक लौटेगी, वहीं कामकाज भी इसी दिन से जोर पकड़ेगा। इस बार की दीपावली में कई शासकीय कर्मचारियों को तोहफे के रूप में 10 दिनों की छुट्टियां मिल गईं।

शासन ने दीपावली में इस बार सोमवार एवं मंगलवार को अवकाश घोषित किया था, लेकिन इसके दो दिन पहले ही शनिवार एवं रविवार की छुट्टी रही। वहीं दीपावली की छुट्टियों के बाद तीन दिन बुधवार, गुरुवार एवं शुक्रवार को दफ्तर तो खुले, लेकिन कई कर्मचारी इन दिनों में भी छुट्टी पर ही रहे। इसके बाद फिर शनिवार और रविवार के साथ सोमवार को छठ पर्व की छुट्टी है। इस तरह कई कर्मचारी इस बार 10 दिनों तक छुट्टियां मना रहे हैं।

## छठ पर्व की छुट्टी के दूसरे दिन 28 अक्टूबर से शासकीय कार्यों में आएगी तेजी

### राजस्व, नजूल, रेंट कंट्रोल प्रकरणों की तारीख बढ़ी

दीपावली त्योहार की छुट्टियों के बाद राजस्व, नजूल, रेंट कंट्रोल से संबंधी कई प्रकरणों में पेशी की तारीख दी गई थी, लेकिन कर्मचारियों के छुट्टी में रहने के कारण इन प्रकरणों में पेशी की तारीख भी आगे बढ़ा दी गई।




### 28 अक्टूबर से दफ्तरों में लौटेगी रौनक

छठ पर्व की छुट्टी के दूसरे दिन 28 अक्टूबर से सभी शासकीय कार्यालयों में रौनक लौटेगी। हालांकि इस दौरान भी कई विभागों में कामकाज प्रभावित होने की संभावना रहेगी, क्योंकि इन दिनों सभी विभागों के अफसर राज्योत्सव के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन एवं प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों में लगे हुए हैं। इन कार्यक्रमों के लिए कई अफसरों को प्रोटोकॉल ड्यूटी भी लगाई गई हैं। इसके कारण किसी-किसी विभाग में राज्योत्सव तक कामकाज पर असर पड़ सकता है।

### दफ्तरों के कामकाज पर असर

लगातार छुट्टियां पड़ने तथा बुधवार से शुक्रवार तक तीन दिन ड्यूटी पर कर्मचारियों के नहीं पहुंचने के कारण कई दफ्तरों के कामकाज पर भी इसका असर पड़ा। इन दफ्तरों में कर्मचारियों के नहीं आने से आम लोगों के कामकाज भी अटक गए हैं। हालांकि त्योहार के कारण इन तीन दिनों में बहुत कम लोग ही शासकीय दफ्तरों में देखे गए, लेकिन जो पहुंचे थे, उन्हें भी कर्मचारियों के नहीं रहने से बैरंग लौटना पड़ा।

# शासकीय कार्य हुए डिजिटल, कार्य करने कई विभागों में डॉटा ऑपरेटर ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कामकाज हो रहा प्रभावित, 0 जिला प्रशासन अंतर्गत विभिन्न विभागीय कार्यालयों में प्रशिक्षु डाटा ऑपरेटर नहीं होने से कामकाज हो रहा प्रभावित

शासन के निर्देश पर रायपुर जिले के समस्त विभागों के कार्यालयों में होने वाले कार्यों का प्रशासन ने प्रोजेक्ट दक्ष के तहत डिजिटलीकरण किया है। इसके तहत अब सभी कार्यालयों में सभी कार्य कम्प्यूटर सिस्टम के जरिए ऑनलाइन किए जा रहे हैं। कार्यालयों को डिजिटलीकरण करने के पीछे शासन की मंशा अच्छी है। इससे शासन और प्रशासन की कार्यप्रणाली पहले अधिक सरल, पारदर्शी एवं स्मार्ट होगी, लेकिन इस नई प्रणाली के लागू किए जाने के बाद से कई विभागों में ऑनलाइन कार्य ही प्रभावित होने लगा है। इसका कारण इन विभागों में प्रशिक्षु डॉटा ऑपरेटर ही नहीं है, जिसके कारण बाबू स्तर के कर्मचारियों से ऑनलाइन काम कराया जा रहा है। इनमें भी कई कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्हें कम्प्यूटर से संबंधित कार्य करना आता ही नहीं है, जिसके कारण इन विभागों के अधिकारियों को घंटों कम्प्यूटर सिस्टम में बैठ कर कार्य करना पड़ रहा है।

***राजस्व विभाग में डॉटा ऑपरेटर के लिए पद ही स्वीकृत नहीं :*** प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन अंतर्गत राजस्व से संबंधित विभाग में डॉटा ऑपरेटर के रेग्युलर पद के लिए पोस्ट ही नहीं है। यही कारण है कलेक्टोरेट से लेकर तहसील कार्यालयों में एक भी रेग्युलर डॉटा ऑपरेटर की भर्ती नहीं की गई है। वर्तमान में जो भी डॉटा ऑपरेटर कार्य कर रहे हैं, वे आउटसोर्सिंग के माध्यम से किए गए दैनिक वेतन भोगी ऑपरेटर हैं।

### प्रोजेक्ट दक्ष के तहत प्रशिक्षण ले चुके कर्मचारी

विभागों को डिजिटलीकरण किए जाने के बाद प्रशासन ने प्रोजेक्ट दक्ष के तहत सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को ऑनलाइन कार्य से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया है। इसके तहत कंप्यूटर और मोबाइल के मूल उपयोग, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, डिजिटल डॉक्यूमेंट प्रबंधन, ईमेल तथा अन्य आवश्यक ऑनलाइन टूल्स की जानकारी दी गई है, लेकिन प्रशिक्षण लेने के बाद भी कई कर्मचारी कम्प्यूटर सिस्टम चलाना ही सीख नहीं पाए हैं। इसके कारण विभाग का ऑनलाइन कार्य भी प्रभावित हो रहा है।



### कुछ अफसर-कर्मचारियों ने कहा- डॉटा ऑपरेटरों की होनी चाहिए भर्ती

कर्मचारियों के साथ कुछ प्रशासनिक अफसरों ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा कि डिजिटलीकरण करने के पहले डॉटा ऑपरेटरों की भर्ती होनी चाहिए थी। कामकाज ऑनलाइन कर दिया है, लेकिन डॉटा ऑपरेटर नहीं होने से काम प्रभावित हो रहा है।

### अन्य विभागों के कार्यालयों में भी रेग्युलर ऑपरेटर की भर्ती नहीं

राजस्व विभाग के अलावा कृषि विभाग, खाद्य विभाग, आबकारी विभाग, समग्र शिक्षा विभाग, आदिमजाति विकास, अंत्यावसायी विकास विभाग, लोकसेवा विभाग के अलावा जिला पंचायत कार्यालय सहित अन्य विभागों के कार्यालयों में भी आउट सोर्सिंग के माध्यम से ही दैनिक वेतनभोगी ऑपरेटर ही कार्य कर रहे हैं।

### नियमित ऑपरेटर नहीं होने से गड़बड़ी की आशंका ज्यादा

विभागों को डिजिटलीकरण करने के पीछे एक कारण किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकना भी है। सभी कार्य ऑनलाइन होंगे, तो गड़बड़ी करने की संभावना भी कम होगी, लेकिन विभागों में ऐसे कई कार्य एवं डॉटा भी हैं, जिसकी गोपनीयता बनाए रखना जरूरी है। ऐसे में दैनिक वेतनभोगी डॉटा ऑपरेटरों पर विश्वास करके अधिकारी उनसे कार्य ले रहे हैं। कई अधिकारी तो यूजर आईडी और पासवर्ड तक इन ऑपरेटरों से शेयर करते हैं, जिससे विभाग में गड़बड़ी के साथ गोपनीयता भंग होने की आशंका का भय हमेशा बना रहता है।

### तहसील कार्यालय में सिर्फ एक डॉटा ऑपरेटर

रायपुर तहसील कार्यालय मात्र एक रेग्युलर डॉटा ऑपरेटर के भरोसे चल रहा है। तहसील कार्यालय में भी डॉटा ऑपरेटरों की जरूरत है, लेकिन यहां भी भर्ती नहीं की जा रही है। तहसील कार्यालय में तहसीलदारों के दफ्तरों से लेकर अन्य विभागों में भी दैनिक वेतन भोगी ऑपरेटरों से ही कार्य कराए जा रहे हैं।

### जिले में सहायक ग्रेड-3 के 10 एवं भृत्य के 32 पद रिक्त

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिलेभर में डॉटा ऑपरेटरों के पदों के अलावा सहायक ग्रेड-3 के 10 एवं भृत्य के 32 पद भी खाली हैं। जिले में सहायक ग्रेड-3 के कुल 87 पद स्वीकृत हैं, जिनके विरुद्ध 77 पदों पर कर्मचारी पदस्थ हैं। इसी प्रकार भृत्य के स्वीकृत 77 पदों में 45 पदों पर कर्मचारी पदस्थ हैं।

# संभागायुक्त के निर्देश पर 12 गांजा तस्कर भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे के निर्देश पर शनिवार को गांजा तस्करी में संलिप्त 12 आरोपियों को पिट एनडीपीएस अधिनियम के तहत तीन माह के लिए जेल भेजने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर की ओर से संभागायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए गए प्रतिवेदन के जांच पर की गई है।

***इन आरोपियों को भेजा गया जेल :*** गांजा तस्करी में संलिप्त पाए गए आरोपियों में नूरी दीप थाना सिविल लाइंस रायपुर, धर्मेंद्र टंडन उर्फ बबलू थाना मंदिर हसौद, पुनीत राम साहू थाना धरसीवा, भुवनेश्वरी धीवर थाना गुढ़ियारी, आरती छाबड़ा थाना डी.डी. नगर, मोहम्मद आजम थाना टिकरापारा, अब्दुल आदिल थाना गंज, बालकृष्ण सिन्हा थाना कबीर नगर, शैलेंद्र मसीह, संजय बंजारे, मोतीलाल साहू तीनों थाना अभनपुर तथा आरती रजक थाना सिटी कोतवाली धमतरी शामिल हैं। सभी आरोपियों को तीन-तीन माह की अवधि के लिए जेल भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि संभागायुक्त रायपुर के निर्देश पर अब तक कुल 38 लोगों के विरुद्ध पिट एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि कई प्रकरणों में जांच प्रक्रिया जारी है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 30 को

**रायपुर/भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के आईक्यूएसी एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ दुर्ग विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र के संयुक्त द्वारा 30 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की भारतीय ज्ञान परंपरा : सृजन और संरक्षण की अंतर यात्रा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन रूसा 2.0 के अंतर्गत किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि उच्चशिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, विशिष्ट अतिथि महेन्द्र कपूर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री एबीआरएसएम, प्रोफेसर राजीव प्रकाश निदेशक, आईआईटी भिलाई एवं डॉ. संजय तिवारी, कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय तथा मुख्य वक्ता डॉ. सीडी आगासे प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर आदि उपस्थित रहेंगे।

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**रायपुर।** कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा एवं सचिव राजकुमार दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार 26 अक्टूबर को दीपावली मिलन एवं समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह शाम 5.30 बजे आशीर्वाद भवन में आयोजित किया जाएगा। वहीं बैठक के दौरान नीता अवस्थी, संजय अवस्थी, शरद शुक्ला, प्रमोद कुमार मिश्रा, अनुराग पाण्डेय सहित कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल के कार्यकारिणी सदस्य एवं दीपावली मिलन समारोह आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

**बिजनेस साइट**

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मैट्स विश्वविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर के मनोविज्ञान विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एमके राउत एवं विशिष्ट अतिथि जीएसटी आयुक्त पुष्पेन्द्र मीणा उपस्थित रहे।

श्री राउत ने कहा कि मानसिक अस्थिरता के समय संवाद और मित्रता सबसे बड़ा सहारा हैं। वहीं श्री मीणा ने 'संवेदना' पहल की जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना छत्तीसगढ़ में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार हेतु कार्यरत है, जिसके तहत डॉक्टरों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है तथा टेली-कंसल्टेशन के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में भी परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. (डॉ.) के.



पी. यादव ने की। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य जीवन की गुणवत्ता का आधार है। अंत में रजिस्ट्रार गोकुलानंदा पांडा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. शाइस्ता अंसारी सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में ट्रैफिक अवेयरनेस कार्यक्रम

**रायपुर।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में शनिवार को सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यातायात प्रशिक्षक टीके भोई रहे। उन्होंने कहा, कुछ सेकंड की जल्दबाजी पूरी ज़िंदगी की परेशानी बन सकती है। हेलमेट और सीट बेल्ट हमारी जान के रक्षक हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कुलपति डॉ. आनंद महलवार, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में टीके भोई ने 'सेफ ड्राइव, सेव लाइफ' और 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' जैसे



अभियानों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गति सीमा का पालन, नशामुक्त ड्राइविंग और सड़क पर संयम ही दुर्घटनाओं से बचाव के सर्वोत्तम उपाय हैं। इस अवसर पर डॉ. त्रिलोक चंद बाघ ने युवाओं से यातायात अनुशासन अपनाने की अपील की, वहीं कुलपति डॉ. महलवार ने कहा कि सुरक्षा का पहला कदम है सजगता। कार्यक्रम के अंत में सभी ने यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया।

# विद्यार्थियों को प्रताड़ित करने वाला सरकारी स्कूल का शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जांच कमेटी की रिपोर्ट पर डीईओ की कार्रवाई

विद्यार्थियों के साथ गाली-गलौज और टीसी देने की धमकी देने वाले मंदिर हसौद शासकीय स्कूल के शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। इस शिक्षक के खिलाफ विद्यार्थियों के साथ महिला स्टाफ से भी दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत मिल रही थी। इस आधार पर डीईओ ने गुरुजी पर लगे आरोप की जांच के लिए दो शिक्षकों की नियुक्ति की थी।

जानकारी के अनुसार मंदिर हसौद के मातृसदन शासकीय विद्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 के शिक्षक अशोक कुमार साहू के खिलाफ विभिन्न स्तर पर शिकायत की गई थी। वह स्कूल में वितरित किए जाने वाले मध्यान्ह भोजन का काम बंद कराने की धमकी देकर कर्मचारियों से वसूली करता था।



इसके अलावा छात्र-छात्राओं के साथ गाली-गलौज एवं महिला कर्मचारियों के लिए अपशब्दों का प्रयोग करता था। विद्यार्थियों को टीसी देने की धमकी देकर ऊल जुलूल डिमांड करता था। इस तरह की गंभीर शिकायतों के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने ग्राम परसदा के शासकीय स्कूल के प्राचार्य और आरंग स्कूल के व्याख्याता को जांच अधिकारी नियुक्ति किया था। उनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर शिक्षक अशोक साहू को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी धरसींवा निर्धारित किया गया है।

## त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अदिति सिंह का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में व्याख्यान

**रायपुर।** जिला अस्पताल के चर्मरोग विभागाध्यक्ष डा. अदिति सिंह ने 'विटामिन डी इन एंटी अगेनः आउ प्रामिसिंग इस इट' विषय पर आबू धाबी में आयोजित इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ डर्मेटोलॉजिक एंड एस्थेटिक सर्जरी "आईएसडीएस" के सम्मेलन में पेपर प्रस्तुत किया। एमिरेट्स स्कॉलर सेंटर फॉर रिसर्च एंड स्टडीज एमिरेट्स साइंस एंड रिसर्च फ़ाउंडेशन की एक सहायक संस्था है। यह संयुक्त अरब अमीरात का पहला विशिष्ट वैज्ञानिक केंद्र है जो अनुसंधान सारांशों और वैज्ञानिक अध्ययनों को अनुक्रमित करने प्रकाशित करने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इसी संस्था के अंतर्गत यूएई में इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ डर्मेटोलॉजिक एंड एस्थेटिक सर्जरी का 44वां सम्मेलन 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। डॉ. अदिति सिंह ने सम्मेलन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्याख्यान देने के लिए पूरे भारत की शीर्ष 7 महिला त्वचा विशेषज्ञों में से चुना गया। उपस्थित विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों ने उनके पेपर की विशिष्ट रूप से सराहना करते हुए अत्यंत लाभकारी बताया।



# ईओडब्लू के खिलाफ कोर्ट में फर्जी दस्तावेज पेश करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कोर्ट में सुनवाई अगली सुनवाई चार नवंबर को होगी
- कांग्रेस नेता ने ईओडब्लू के तीन अफसरों के खिलाफ कोर्ट में परिवाद पेश किया था

कोल घोटाला में ईओडब्लू के तीन अफसरों के खिलाफ धारा 164 का फर्जी कलमबंद बयान पेश करने कांग्रेस नेता नेता गिरीश देवांगन के परिवाद पर शनिवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। गिरीश देवांगन ने कोर्ट में परिवाद पेश करते हुए आरोप लगाया है कि ईओडब्लू ने कोल घोटाला के आरोपी निखिल चंद्राकर का धारा 164 के तहत फर्जी कलम बंद बयान तैयार कर कोर्ट में पेश किया है। सुनवाई सीनियर डिवीजन सिविल जज आकांशा बेक की कोर्ट में हुई। इस मामले की सुनवाई अब चार नवंबर को होगी।

ईओडब्लू के वकील रवि शर्मा ने कोर्ट में तर्क पेश करते हुए कहा कि इस केस में जो कंप्लेंट फाइल हुई है, उसमें गिरीश देवांगन ने बगैर सेंशन मांगे कंप्लेंट फाइल कर दी है। वकील के अनुसार निखिल ने कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने स्वयं एप्लिकेशन फाइल की है। एप्लिकेशन फाइल करने के समय पुलिस का कोई रोल नहीं रहता। साथ ही निखिल ने कोर्ट में यह नहीं कहा कि उसने 164 में कलमबंद बयान नहीं दिया है।




### फैब्रिकेटेड साक्ष्य पेश करना अपराध

बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने कोर्ट में बयान पेश करते हुए बताया, गिरीश देवांगन ने जो परिवाद पेश किया है, उसमें नए बीएनएसएस कानून में प्रावधान है कि कार्रवाई के पहले या संज्ञान लेने के पूर्व आरोपियों को भी सुना जाए। बचाव पक्ष के वकील ने ईओडब्लू के अफसरों के खिलाफ मिथ्या साक्ष्य गढ़ कर बोगस स्टेटमेंट कोर्ट में पेश करने का आरोप लगाया है। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट को बताया है कि फैब्रिकेटेड साक्ष्य को अफसरों ने सुप्रीम कोर्ट में इस्तेमाल किया है, यह अपराध है।

**पेज 11 के शेष ...**

### विंटर शेड्यूल में प्रयागराज ...

शुरू कर रही है, वहीं इंडिगो ने अपनी सूची में इस शहर के लिए पांचवी फ्लाइट जोड़ी है, दोनों फ्लाइट दोपहर को आवाजाही करेगी।

### इस साल 130 नशे के ...

निषाद (32), महेंद्र यादव (19) तथा आमानाका निवासी राहुल साव (24) को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने इन तीनों के कब्जे से चंदनीडीह से नींद की गोली जब्त की थी। जिन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

***मादक पदार्थ तस्करी का हॉट स्पॉट :*** मादक पदार्थ तस्करी करने वाले जिन लोगों को सजा मिली है, उसमें सबसे ज्यादा तस्कर जीआरपी, टिकरापारा के साथ तेलीबांधा थाना क्षेत्र के तस्कर शामिल हैं। पांच ऐसे थाना क्षेत्र जहां एक-एक आरोपी को सजा मिली है, उनमें खम्हारडीह, उरला तथा सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के तस्कर हैं। जीआरपी में पकड़े गए जिन तस्करों को सजा मिली है, उनमें ज्यादातर गांजा तस्करी करने वाले तस्कर हैं।

### वक्फ बोर्ड के ....

जिस जगह संबंधित मकान व दुकान है, वह जमीन बोर्ड की है। लिहाजा 24 अक्टूबर तक कार्यालय में दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए। 17 अक्टूबर को नोटिस जारी हुआ और 22 अक्टूबर यह संबंधित लोगों तक पहुंचा। प्रभावित परिवारों ने हरिभूमि को बताया कि 24 अक्टूबर को जब वे वक्फ बोर्ड कार्यालय उपस्थिति देने पहुंचे, तब वहां न बोर्ड के अध्यक्ष मिले, न सीईओ। हमने उनसे संबंधित दस्तावेज मांगा है, जिसके लिए बोर्ड ने 6 नवंबर तक का समय लिया है।

वार्ड पार्षद का व्यू : पुरानी बस्ती क्षेत्र में एक अरसे से शहर के बीच मकान और दुकान बनाकर पीढ़ी दर पीढ़ी रहने वाले चार परिवारों को टारगेट कर बोर्ड ने नोटिस दिया है, इस तरह से किसी को प्रताड़ित करना गलत है। इन सभी के पास जमीन के पूरे दस्तावेज हैं। झूठी शिकायत पर कार्रवाई होनी चाहिए। नोटिस का पुरजोर विरोध करते हैं, हमने वक्फ बोर्ड से जमीन का पेपर मांगा है और शिकायत किसने की, इसकी कापी भी मांगी है।

***वक्फ बोर्ड चौधरी नहीं : संदीप शर्मा*** - भाजपा नेता संदीप शर्मा लगातार वक्फ बोर्ड पर हमलावर हैं। पुरानी बस्ती में एक और को नोटिस मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा, वक्फ बोर्ड कोई चौधरी नहीं है जो इस तरह का व्यवहार कर रहा है। वक्फ बोर्ड के पास अगर दस्वावेज हैं, तो उसको दिखाने चाहिए। 50 सालों से ज्यादा से पुरानी बस्ती में रहने वालों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। वक्फ बोर्ड या तो अपने दस्वावेज दिखाए, नहीं तो सार्वजनिक रूप से सबसे माफी मांगे।

### दुर्ग से रायपुर पहुंचते ...

भर जा रही हैं, जबकि रायपुर के बाद इस ट्रेन का स्टॉपेज 47 स्टेशनों पर है, जिससे बाद के यात्रियों के लिए सफर और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है।

### बंगाल की खाड़ी ....

संभावना है। इसके प्रभाव से राज्य में नमी आने का दौर जारी है। अगले तीन दिनों तक लगभग सभी जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। उसके बाद प्रदेश के दक्षिणी भाग में वर्षा लगातार 31 अक्टूबर तक जारी रहने और कुछ इलाकों में भारी वर्षा के रूप में असर दिखाने की संभावना है। इधर पिछले चौबीस घंटे में भी प्रदेश के मौसम में किसी तरह का बड़ा बदलाव नहीं हुआ। रात में उमसभरी बेचैनी बनी रही और दिन में बदली के बीच पारा 33 डिग्री तक पहुंच गया।

**खबर संक्षेप**

## राज्यपाल ने शिक्षा संस्थान को प्रदान किए 4 ई-रिक्शा



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने शनिवार को राजभवन में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर को चार ई-रिक्शे प्रदान किए। उन्होंने राजभवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपने स्वेच्छानुदान मद से चार ई-रिक्शे की चाबी वाहन चालकों को सौंपी और हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। इन वाहनों का उपयोग विभिन्न सरस्वती शिक्षा संस्थानों में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना सहित संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## छग सिंधी महापंचायत का दीपावली मिलन आज



**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित पूज्य छग सिंधी महापंचायत के कार्यालय में शनिवार को मुख्य पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान सिंधु पैलेस शंकर नगर में 26 अक्टूबर को आयोजित दीपावली मिलन को लेकर चर्चा हुई। इस अवसर पर महापंचायत के प्रवक्ता दिनेश अठवानी और पवन प्रीतवानी ने अध्यक्ष अमर गिदवानी, संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी के हवाले से बताया कि दीपावली मिलन पर प्रमुख पंचायतों के सामाजिक क्षेत्र में योगदान पर उन्हें महापंचायत द्वारा मोमेंटो-शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया जाएगा, ताकि युवा सदस्यों में भी प्रेरणा का संचार हो। बैठक में राधाकिशन सुंदरानी, गोविंद वाधवानी, राजेश वासवानी, चेतन तारवानी, राजेश गुरनानी, जतिन नचरानी, किशोर आहूजा, जितेंद्र बडवानी, सुदेश मंध्यान, वासु जोतवानी आदि उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के साथ मनाया दिवाली उत्सव



**रायपुर।** नगर माता बिन्नी बाई सोनकर गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम उत्कृष्ट विद्यालय भाठागांव में पदस्थ समाजसेवी राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक बिहारी लाल शर्मा ने अपनी शाला में शनिवार को विद्यार्थियों के साथ मिलकर शाला के प्रत्येक कमरे बरांडे एवं गेट पर मिट्टी के दीए जलाए। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर अनारदाना, चकरी, फूलझड़ी एवं अन्य पटाखे फोड़े। इसके बाद शिक्षक द्वारा सभी विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया एवं विद्यार्थियों ने आपस में एक-दूसरे से मिलकर दिवाली की शुभकामनाएं दीं।

# प्रदेश में 25 साल में बढ़े 53 लाख बिजली उपभोक्ता, खपत पहुंची सात हजार मेगावाट के पार

**2000 में थे 20 लाख उपभोक्ता, अब संख्या पहुंची 73 लाख के पार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 साल हो रहे हैं। इन 25 सालों में प्रदेश में बिजली के उपभोक्ताओं की संख्या में 53 लाख से ज्यादा बढ़ गई है। राज्य बनने के समय प्रदेश में 2000 में बिजली के उपभोक्ताओं की संख्या 20 लाख से भी कम थी। यह संख्या अब 73 लाख के पार हो गई है। इसी के साथ बिजली की खपत में भी पांच गुना इजाफा हो चुका है। पहले खपत 1309 मेगावाट थी, जो अब सात हजार मेगावाट के पार हो चुकी है। कृषि पंपों की संख्या भी छह लाख तक पहुंच गई है। इसी के साथ अस्थाई कृषि पंप भी ढाई लाख के आस-पास हो गए हैं।

छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद प्रदेश में बिजली की रफ्तार से ही बिजली के उपभोक्ता बढ़े हैं। इसी के साथ सुविधाओं का भी विस्तार हुआ है। जब अपना राज्य अलग हुआ था तो उस समय प्रदेश में निम्न दाब के महज 1890998 उपभोक्ता थे जो आज बढ़कर 6521951 हो गए हैं। उच्च दाब के उपभोक्ता महज 530 थे जो अब बढ़कर 4177 हो गए हैं। यानी राज्य बनने के बाद यहां पर उद्योगों में भी भारी संख्या में इजाफा हुआ है।

**कृषि पंपों में भारी इजाफा :** छत्तीसगढ़ बनने के पहले प्रदेश में महज 73369 कृषि पंप थे। इसकी संख्या में प्रदेश में भाजपा शासनकाल में तब भारी संख्या में इजाफा होना प्रारंभ हुआ, जब कृषि पंपों के लिए मुफ्त बिजली योजना का प्रारंभ किया। इसके बाद से लगातार कृषि पंपों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इस समय स्थाई कृषि पंपों की संख्या 594277 है। इसी के साथ अब अस्थाई पंप कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं। पहले राज्य में एक भी अस्थाई कृषि पंप नहीं था, लेकिन अब 242390 अस्थाई कृषि पंपों के कनेक्शन हैं। इसी के साथ सोलर कृषि पंपों के कनेक्शन अलग से हैं।



### बिजली की खपत पांच गुना बढ़ी

छत्तीसगढ़ राज्य अलग हुआ था, तब प्रदेश में बिजली की खपत महज 1309 मेगावाट थी, तब प्रदेश में बिजली का उत्पादन भी महज 1360 मेगावाट होता था। राज्य के अलग बनने के बाद से ही प्रदेश में जहां एक तरफ तेजी से उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हुआ, वहीं बिजली की खपत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। पहली बार बिजली की खपत 2003 में दो हजार मेगावाट के पार होकर 2335 मेगावाट तक पहुंची। इसके बाद 2013 में खपत तीन हजार मेगावाट के पार और 2018 में चार हजार मेगावाट के पार गई। 2023 में खपत ने पांच हजार मेगावाट का आंकड़ा पार किया और अब खपत इस साल सात हजार मेगावाट के पार हो गई है।

## 8 हजार भवनों में डाले गए जनगणना नंबर, अब प्रगणक नियुक्त होंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्री जनगणना के लिए नगर निगम के जोन 10 क्षेत्र स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड चयनित होने के बाद वार्ड के 8 हजार भवनों में जनगणना नंबर डाले जाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। जोन के राजस्व विभाग की टीम ने वार्ड के 8 हजार जनगणना भवनों में भवन संख्या अंकित कर दी है। अब प्रत्येक 180 से 200 जनगणना भवनों में एक प्रगणक ब्लाक तैयार किया जाएगा, इसके लिए प्रगणक जल्द नियुक्त होंगे।

- प्री जनगणना के लिए जोन 10 का डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड चयनित
- जोन के राजस्व विभाग की टीम ने पूरा किया कार्य

दरअसल, भारत सरकार के गृह मंत्रालय जनगणना कार्य निदेशालय के आदेश पर रायपुर निगम के जोन 10 के डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड को राज्य में जनगणना के लिए नगरीय क्षेत्र में प्री टेस्ट जनगणना पूर्व परीक्षण के लिए चयनित किया गया है। शनिवार को जनगणना निदेशालय के अधिकारी प्रदीप साव, हीरेंद्र सिंहा, दीपक कुशवाहा ने कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। अमलीडीह स्थित जोन 10 कार्यालय में इस दौरान जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, नोडल अधिकारी योगेश यदु, सहायक नोडल अधिकारी गौरीशंकर साहू ने उन्हें विस्तृत विवरण दिया।

### आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से इलाज का मामला

# क्लेम प्रोसेसिंग के लिए टीपीए जल्द, ऑडिट करने वाली एजेंसी का अब तक पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में निजी अस्पताल से आने वाले क्लेम प्रोसेसिंग के लिए थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेशन के लिए नई एजेंसी शीघ्र तय किए जाने की संभावना है। स्वास्थ्य योजना की स्टेट नोडल एजेंसी इस प्रक्रिया में जुटी है, मगर इसके पहले क्लेम को क्रास चेक करने संस्था तय करने का काम शुरू नहीं हो पाया है। इसकी वजह से जिला स्तर पर नॉन मेडिकल कर्मचारी मनमाने तरीके से ऑडिट कर रहे हैं।

संस्था नहीं मिलने की वजह से अगस्त में निरस्त की गई शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत निजी अस्पतालों से इलाज के बाद आने वाले भुगतान के दावों की प्रक्रिया पूरी करने टीपीए कंपनी तय करने के लिए प्रक्रिया सितंबर में पुनः शुरू हो गई है। एजेंसी तय करने का काम इस माह के अंतिम दिनों में पूरी होने की संभावना है। सूत्रों का मानना कि क्लेम प्रोसेसिंग का काम पूरा करने के लिए एजेंसी मिल जाएगी मगर इसके पहले अस्पतालों में जाकर किए गए इलाज के दावों की जांच करने डाक्टरों की व्यवस्था करने वाली संस्था तय करने का काम अब तक शुरू नहीं किया गया है। इसकी वजह से मनमानी किए जाने की शिकायत भी सामने आ रही है। सूत्रों का कहना है कि ऑडिट का काम योजना से जुड़े जिला स्तर के कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है नॉन मेडिकल होने के बाद भी उपचार की बारीकियों पर भी सवाल खड़े कर ऑडिट की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं।




### मिल चुका है पुरस्कार

पिछले दिनों राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सम्मेलन में इस योजना का संचालन करने वाली स्टेट नोडल एजेंसी के अधिकारियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया है। उस दौरान फाल्स क्लेम के लिए फील्ड ऑडिट किए जाने के दावे किए गए थे। इसके बाद विभागीय स्तर पर ऑडिट का काम जिला स्तर की टीम को दे दिया गया जहां से शिकायत आने का दौर शुरू हो गया।

### दबी जुबान में शिकायत भी

भुगतान के लिए आने वाले दावों की ऑडिट के लिए जाने वाली जांच टीमों के खिलाफ निजी अस्पतालों द्वारा दबी जुबान में शिकायत भी की जा रही है।आरोप यह भी है कि अस्पतालों तक पहुंचने वाले जांच अधिकारी केस की गंभीरता देखने के बजाए अपनी डिमांड पर ध्यान दे रहे हैं। राज्य में संचालित 90 फीसदी निजी अस्पतालों का संचालन आयुष्मान योजना के भरोसे हो रहा है। वहां पहुंचने वाले ज्यादातर मरीज इस योजना के हितग्राही है। वहीं कुछ बड़े अस्पतालों ने विवादों से बचने के लिए इस योजना से ही खुद को दूर कर लिया है।

## वीआईपी रोड पर हादसा बाइक सवार युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड में गलत साइड में खड़ी बस से टकराने से एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शनिवार तड़के साढ़े पांच से छह बजे के बीच की है। मृतक महासमुंद का रहने वाला था। युवक का रायपुर से महासमुंद जाते समय एक्सीडेंट हुआ। बस चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

- गलत साइड में बस पार्क करने से हुआ हादसा
- घटना शनिवार तड़के साढ़े पांच बजे की

पुलिस के अनुसार खड़ी बस में टकराने से ईश्वर साहू की मौत हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया है कि ईश्वर अपनी बाइक से जा रहा था। इस दौरान गलत साइड में कांकेर रोडवेज की बस खड़ी थी, टर्न होने की वजह से ईश्वर बस को नहीं देख पाया और बस से टकरा गया। बस से टकराकर ईश्वर गिर गया। बस से टकराने की वजह से ईश्वर के सिर पर गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तड़के मार्निंग वाक पर निकले लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

# सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन कार्य बेहद सुस्त अनुबंध के ढाई साल बाद भी क्लीयर नहीं हुई साइट

**खास बातें**

- 28 एकड़ के कूड़े की स्क्रीनिंग पूरी, 10 एकड़ में दबा कूड़ा निकालने में लग रहा समय
- रायगढ़ की एजेंसी को 12 करोड़ 64 लाख में ठेका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में सालों से दबे कूड़ा को निकालकर उसका वैज्ञानिक निष्पादन करने का ठेका लेने वाली एजेंसी समय पर अपना काम पूरा नहीं कर पायी है। अनुबंध के ढाई साल बीतने के बाद भी ठेका एजेंसी अब तक साइट क्लीयर नहीं कर पाई है। अब तक 28 एकड़ में जमा कूड़ा की स्क्रीनिंग का काम ही हो पाया, बाकी के 10 एकड़ में दबे कूड़े को हटाने में समय ज्यादा लग रहा है। काम में सुस्ती को लेकर अनुबंधित एजेंसी को अब तक 2 दर्जन नोटिस दिया जा चुका है। साथ ही 1 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान भी रोका गया है।

सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में फैले 4 लाख 50 हजार मीट्रिक टन कूड़ा को वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने नगर निगम ने राज्य शासन के आदेश पर रायगढ़ की हिलब्रो मेटेलिक एंड आर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड को जून 2023 में 12 करोड़ 64 लाख रुपये में ठेका दिया। अनुबंधित एजेंसी को दिसंबर 2024 तक काम पूरा करना था, पर अब तक अनुबंधित एजेंसी अपना काम पूरा नही कर पाई।

### 2 दर्जन नोटिस बेअसर

हैरानी की बात ये है कि नगर निगम ने रायगढ़ की जिस एजेंसी को सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन का ठेका दिया है। उसके काम की सुस्त रफ्तार को देखते हुए निगम प्रशासन 2 दर्जन नोटिस काम में तेजी लाने के लिए दे चुका है। इसके बाद भी अनुबंधित एजेंसी काम में अपेक्षाकृत तेजी नहीं ला सकी।

स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों ने एजेसी को संसाधन बढ़ाने की भी हिदायत दी, पर इसका असर देखने को नहीं मिला। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि डेढ़ साल में सिर्फ 1 करोड़ 50 लाख रुपये का ही भुगतान किया गया, जबकि 1 करोड़ 20 लाख रुपये का भुगतान रोका गया है। साइट क्लीयर होने के बाद यहां सिटी फारेस्ट बनाने की योजना है।

# महापौर मीनल ने एमआईसी सदस्यों को खुलकर चर्चा करने दिए सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने 29 अक्टूबर को जीई रोड स्थित महापौर निवास-कार्यालय में शनिवार को एमआईसी सदस्यों और अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सामान्य सभा की बैठक में निर्धारित एजेंडों और प्रश्नकाल के संबंध में भारसाधक सदस्यों से पूरी तैयारी के साथ सदन मे आने के निर्देश दिए। इसके साथ ही यह सुझाव भी दिया कि सदन की मर्यादा को ध्यान में रखकर तथ्यों के साथ अपनी बात रखें। यदि प्रश्न का जवाब देने में कोई दिक्कत हो तो विभागीय अधिकारी या वरिष्ठ पार्षदों से सलाह मशिवरा करने में न हिचकिचाएं। मीनल चौबे ने परिषद के नए सदस्यों का हौसला बढ़ाते हुए बैठक में कहा कि सदन में रखे जाने वाले जनहित के एजेंडों पर खुलकर चर्चा करने में आगे आएं। उन्होंने एमआईसी सदस्यों को सुझाव दिया कि विभाग से जुड़े एजेंडों पर विपक्ष के पार्षदों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब इस तरह से दिया जाए कि वे संतुष्ट हो जाएं।

- सामान्य सभा से पूर्व महापौर निवास में एमआईसी सदस्यों की बैठक ली
- प्रश्नकाल में पूछे प्रश्नों का जवाब देने तैयार रहें

महापौर द्वारा बुलाई गई बैठक में एमआईसी सदस्य सरिता दुबे, सुमन पांडेय, गायत्री चंद्राकर, डॉ. अनामिका सिंह, मनोज वर्मा, अवतार बागल, दीपक जायसवाल, संतोष साहू, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, भोलाराम साहू, खेम कुमार सेन उपस्थित रहे।

## कबाड़ सामग्री की नीलामी 30 को

**रायपुर।** कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के कार्यालयों के कबाड़ हो चुकी सामग्री की नीलामी होगी। रेडक्रास भवन में 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होने वाली इस नीलामी में कोई भी हिस्सा ले सकता है। इस नीलामी में सबसे अधिक बोली लगाने वाले को सामग्री बेची जाएगी। कलेक्टरोरेट की नाजिर शाखा अनुपयोगी सामग्री की सार्वजनिक नीलामी करने जा रही है। इस नीलामी में फर्नीचर, लोहा एवं प्लास्टिक, रबर श्रेणी की वस्तुएं शामिल हैं। इनमें फर्नीचर में 7 चेयर (गद्दा वाली), 9 चेयर (केनिन वाली), 2 दरवाजा, 4 टेबल, 1 कांच लगी रैक, लोहा की वस्तुओं में 3 चेयर, 4 टेबल, 1 फोटो कॉपी मशीन, प्लास्टिक-रबर सामग्री में 30 टायर हैं।

**टैक्सी चाहिए**

रायपुर शहर में रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, की आवश्यकता है।

इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।

समय : 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक

हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गया ड्राइवर महासंगठन, 9 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ड्राइवर महासंगठन अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चला गया है। ड्राइवरों के हड़ताल पर जाने से कई जिलों में ट्रक, बस, टैक्सी, माल वाहक और ऑटो के पहिए थमे रहे, जिससे ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े कारोबारियों का काम प्रभावित होने के साथ आम लोगों को भी परेशनियों का सामना करना पड़ा। इधर हड़ताल अगर लगातार जारी रही, तो इसका असर व्यापार भी पड़ेगा, जिससे जरूरत की चीजों के मूल्य बढ़ने की भी संभावना रहेगी। पदाधिकारियों का कहना है कि उनकी मांगें सालों पुरानी हैं। इसके बाद भी शासन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है।

**शराब बंदी की मांग भी शामिल :** ड्राइवर महासंगठन की मांगों में प्रदेश में शराबबंदी की मांग भी शामिल है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि सड़क हादसों में कई बार ड्राइवरों पर गलत आरोप लगाए जाते हैं, जबकि बड़ा कारण सड़क सुरक्षा की कमी और शराब सेवन है। पदाधिकारियों ने दावा किया है कि शराबबंदी लागू होने से सड़क हादसों में भारी कमी आएगी और इससे ड्राइवरों की छवि भी धूमिल नहीं होगी।

**ये मांगें भी शामिल :** हिट-एंड-रन कानून में संशोधन, ताकि ड्राइवरों को बेवजह सजा न हो, ड्राइवरों के वेतन में बढ़ोतरी और काम करने का समय तय किया जाए। दुर्घटना बीमा की राशि बढ़ाई जाए। शहर एवं जांच नाकों में अवैध वसूली पर रोक लगे, ईंधन पर सब्सिडी दी जाए। लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया आसान की जाए। रोड टैक्स में छूट दी जाए तथा महिला व बाल सुरक्षा के लिए सख्त प्रावधान किए जाएं।

**ड्राइवरों की हड़ताल ने बढ़ाई व्यापारियों की चिंता :** ड्राइवर महासंघ की हड़ताल ने व्यापारियों की चिंता भी बढ़ा दी है। ड्राइवर अगर हड़ताल पर रहेंगे, तो इसका असर व्यापारियों पर भी पड़ेगा।

### आम लोगों पर भी पड़ेगा असर

ड्राइवरों की हड़ताल का असर आम लोगों पर भी पड़ेगा। कई तरह की जरूरत की चीजों की ट्रांसपोर्टिंग नहीं होने से उनके मूल्यों पर इसका असर पड़ेगा, जिससे उनकी कीमत बढ़ेगी। ऐसे में आम लोगों को कई तरह की चीजें खरीदने के लिए अधिक मूल्य चुकाना होगा।

### हड़ताल का रायपुर में असर नहीं

ड्राइवर महासंघ की हड़ताल का असर शनिवार को रायपुर में नहीं देखा गया, लेकिन प्रदेश के राजनांदगांव, खैरागढ़, कबीरधाम, बलौदाबाजार जैसे जिलों में इसका असर देखा गया। बताया जा रहा है कि आगामी दिनों में मांगें पूरी नहीं होने पर इस हड़ताल का असर अन्य जिलों में भी देखने को मिल सकता है।



हरिभूमि
रायपुर, रविवार 26 अक्टूबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



आध्यात्मिक सत्संग और साधना की...

## लाइव इवेंट

# मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और इंडस्ट्री पर चर्चा



**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित ट्रिपल आईटी में शनिवार को 'डिजिटल परिवर्तन और प्रक्रिया माइनिंग' विषय पर पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों, शोधकर्ताओं और उद्योग पेशेवरों में व्यावहारिक कौशल विकास करना है। यहां बतौर मुख्य वक्ता प्रो. ओमप्रकाश व्यास शामिल हुए, जिन्होंने डेटा माइनिंग और बिजनेस इंटेलिजेंस विषय पर व्याख्यान सत्र की शुरुआत की। जिन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बाद तकनीकी क्षेत्र की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान संकाय सदस्य, शोधार्थी और विद्यार्थियों ने डिजिटल परिवर्तन और प्रक्रिया माइनिंग की भूमिका, इवेंट लॉग्स से प्रक्रिया खोज और अनुरूपता और संवर्धन प्रक्रिया विषय पर चर्चा की।

### डिजिटल परिवर्तन और प्रक्रिया माइनिंग विषय

कार्यशाला के दौरान फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया है, इसमें शामिल प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और इंडस्ट्री 4.0 के उभरते रुझान की जानकारी दी जाएगी। संस्थान के प्रोफेसर ने कहा कि डिजिटल परिवर्तन संगठनात्मक लचीलापन और विकास के लिए अनिवार्य है, जो प्रक्रिया माइनिंग डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि के माध्यम से अनुकूलन और डिजिटल तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन रविवार को होगा, जहां ट्रिपल आईटी, आईआईआईटी, एनआईटी, उद्योग और प्रमुख अनुसंधान संस्थानों के विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा डिजिटल परिवर्तन और प्रक्रिया माइनिंग के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

## क्रिटिकॉन-2025 में देशभर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न विषयों पर की चर्चा

# भारत में हर साल 2 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे कैंसर मरीज, हर 1000 में 100 महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर की चपेट में

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, इंडियन सोसायटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन, क्वालिटी केयर इंडिया लिमिटेड और आईएमए के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। क्रिटिकॉन-2025 में देशभर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति दर्ज की गई, यहां प्रदेश के अलावा मुंबई, चेन्नई, गुरुग्राम, सिकंदराबाद, वाराणसी, अहमदाबाद, नई दिल्ली, नागपुर, पुणे, हैदराबाद जैसे कई शहरों से 800 से अधिक चिकित्सक शामिल हुए।

### इलाज में लैप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी की मदद

अब तक युवावर्ग बीमारियों के प्रति पर्याप्त जागरूक नहीं था, लेकिन आधुनिक तकनीकों की मदद से ब्लड टेस्ट के माध्यम से शरीर के विभिन्न अंगों में फैली बीमारियों का पता आसानी से लगाया जा सकता है। इससे समय रहते इलाज शुरू कर लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसमें लैप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी से स्टोन, किडनी, अपेंडिक्स, हर्निया जैसी बीमारियों का इलाज बेहतर हो गया है। पहले मरीजों को सर्जरी के बाद ठीक होने में 7-8 दिन लगते थे, अब मात्र 2-3 दिनों में ही आराम मिलने लगता है।

### दूसरे दिन मैकेनिकल वेंटिलेशन विषय पर चर्चा सत्र

सम्मेलन के दूसरे दिन मैकेनिकल वेंटिलेशन और अल्ट्रासाउंड गाइडेड इंटरवेंशन विषय पर मुख्य चर्चा सत्र का आयोजन किया गया है, वही न्यूरोक्रिटिकल और ट्रॉमा केयर पर विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। इन दौरान पैनल सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेली आईसीयू मॉडल का भविष्य विषय पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि जायसवाल, प्रबंधक डॉ. संदीप दवे, क्रिटिकल केयर से डॉ. विशाल कुमार की उपस्थिति रही।



**रायपुर।** शनिवार को उद्घाटन सत्र के दौरान सेप्सिस, एआरडीएस, शॉक मैनेजमेंट पर वैज्ञानिक सत्र का मुख्य आयोजन किया गया, वहीं विशेषज्ञ पैनल चर्चा में 'रिसर्च और वास्तविक आईसीयू प्रैक्टिस के बीच सेतु' विषय पर चर्चा की गई है। मेरी इंस्परेशन मेरे मरीज हैं, जिनका इलाज करना मेरे जीवन का लक्ष्य बन चुका है...यह कहना है पद्मश्री, पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सुरेश आडवाणी कैंसर के विशेषज्ञ का। जो विशेष अतिथि स्वरूप अटल नगर स्थित मे-फेयर रिसॉर्ट में आयोजित 'क्रिटिकॉन' सम्मेलन में शामिल हुए। 80 साल की उम्र में भी डॉक्टर मरीजों की सेवा के लिए तत्पर हैं, जो निरंतर कैंसर जैसे गंभीर रोग से परेशान मरीजों की सेवा कर रहे हैं। जिन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए अवेयरनेस बहुत जरूरी है, जो अभी भी भारतीय परिवारों में बहुत कम पाई जाती है।



### कैंसर से लड़ाई में आधुनिक इलाज सहायक

डॉ. सुरेश आडवाणी को चिकित्सा के क्षेत्र में बीते 60 साल का अनुभव है। उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि वर्तमान समय में 2 प्रतिशत की दर से कैंसर के मरीज भारत में बढ़ रहे हैं। उदाहरण के तौर पर लगभग हजार लोगों में सौ से अधिक कैंसर के मरीज बन रहे, जिसमें सबसे अधिक ब्रेस्ट कैंसर के मरीज हैं। इसके बचाव के लिए शरीर में होने वाले सामान्य बदलाव को भी गंभीरता से लें, इससे पहले स्टेज पर ही व्यक्ति को बचाया जा सकता है।

### कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी मरीजों के लिए मददगार

बातचीत के दौरान विशेषज्ञ डॉ. सुरेश आडवाणी ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी अहम भूमिका निभा रही हैं। कीमोथेरेपी दवाओं के माध्यम से पूरे शरीर में फैली कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करती हैं, जबकि रेडिएशन थेरेपी तेज ऊर्जा की किरणों से किसी विशेष हिस्से में मौजूद कैंसर को खत्म करने में मददगार है। इन दोनों उपचारों के संयोजन से मरीजों में कैंसर के फैलाव को रोकने, दर्द कम करने और जीवन की गुणवत्ता सुधारने में मदद मिलती है।



### बदलता लाइफस्टाइल कैंसर का मुख्य कारण

कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन गोयल ने बताया कि लगभग 15—20 वर्ष पहले महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर सबसे आम था, लेकिन अब इसकी जगह ब्रेस्ट कैंसर ने ले ली है। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर प्रायः स्वच्छता और हाइजीन की कमी से होता है। जबकि ब्रेस्ट कैंसर किसी वायरस के कारण नहीं होता, बल्कि अनियमित जीवनशैली, असंतुलित आहार और हार्मोनल असंतुलन से जुड़ा है। शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन की अधिकता ब्रेस्ट कैंसर का प्रमुख कारण बनती हैं। पहले यह रोग 45 वर्ष की उम्र के बाद देखने को मिलता था, लेकिन अब 20 से 30 वर्ष के महिलाओ में यह समस्या देखने को मिल रही।

## सिटी इवेंट

# ग्लोइंग स्किन के लिए विटामिन सी से भरपूर डाइट प्लान करें



**रायपुर।** हल्की सर्दी का मौसम आ गया है, जो खासकर स्वास्थ्य प्रेमियों के लिए पसंदीदा मौसम है। जहां वे ग्लोइंग स्किन, पिगमेंटेशन सुधार और नेचुरल स्किन के लिए बेहतर डाइट प्लान फॉलो करना पसंद करते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, ठंड के दौरान कम मेहनत में ही तंदुरुस्ती हासिल की जा सकती है। बातचीत में डाइटिशियन ने बताया कि इस मौसम में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और हाइड्रेशन पर ध्यान देना जरूरी है, जिससे न केवल त्वचा ग्लोइंग रहती है, बल्कि शरीर भी स्वस्थ और ऊर्जावान बना रहता है।

### ठंड में ग्लोइंग स्किन के लिए आंवला खाएं



आंबेडकर अस्पताल की डायटीशियन नेहा जैन ने बताया कि ठंड के दिनों में डिहाइड्रेशन की वजह से त्वचा सूखी हो जाती है। ग्लोइंग और हेल्दी स्किन के लिए आंवला मददगार है, जो विटामिन-सी से भरपूर होता है। इसके अलावा हल्का गर्म सूप, जिसमें भाजी और सब्जियां शामिल हों, त्वचा के लिए लाभकारी होते हैं। इन दिनों तिल, राजगीर और गोंद की लड्डू ब्लड सर्कुलेशन बनाए रखने में मदद करते हैं और बाजरा छत्तीसगढ़ के मौसम के अनुसार शरीर को गर्म और स्वस्थ रखने में उपयोगी है।

### ठंड में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर जूस की सलाह

डीकेएस अस्पताल की डायटीशियन योगिता यादव ने बताया कि ठंड में ऑयली स्किन वाले लोगों के लिए विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर जूस फायदेमंद है। शरीर को डिटॉक्स करने के लिए आंवला, संतरा और नीबू का मिक्स जूस डाइट प्लान में शामिल करें। वहीं चुकंदर, गाजर और अनार का जूस पिगमेंटेशन सुधारने में मदद करता है। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए नारियल पानी, खीरा और पुदीना का मिश्रित जूस उपयोगी साबित होता है।

### एंटी ऑक्सीडेंट के लिए एलोवेरा जूस

ठंड का मौसम बेहतर सेहत के लिए उपयुक्त माना गया है, ऐसे में एंटी ऑक्सीडेंट के लिए एलोवेरा का जूस शरीर के लिए फायदेमंद साबित होता है। जो स्किन को अंदर से निखारने में मदद करता है, साथ ही एलोवेरा में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं।

# ऐतिहासिक इमारतों, शासकों और उनके वंशजों की दी जानाकारी, इसरो का किया भ्रमण

**रायपुर।** चंदखुरी के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें 50 से अधिक बच्चों के समूह को कर्नाटक के प्रमुख ऐतिहासिक, वैज्ञानिक व धार्मिक केन्द्रो का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। यह शैक्षणिक भ्रमण मनोरंजक, ज्ञानवर्धक, और प्रेरणादायक रहा। जहां बच्चों ने ऐतिहासिक इमारतों, पूर्व के शासकों और उनके वंशजों, वस्तुओं, अवशेषों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

यात्रा में स्कूल की प्राचार्य फरीना काजी और शिक्षक रचना सोनी, प्रियंका तिवारी, रवीश तिवारी, श्रीपर्णा यादव, मनीष देशमुख, छत्रप देशमुख, ज्योत्सना चंद्राकर, स्वाति चंद्राकर,गायत्री चंद्राकर, स्नेहा शर्मा और बी इंदु के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत इसरो में अलग-अलग तरह के उपग्रह, रॉकेट, रॉकेट के अंदरूनी बनावट, आगामी प्रोजेक्ट चंद्रयान 4 और चंद्रयान 5 आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की और अपनी जिज्ञासाओं का निराकरण किया। अंबा विला पैलेस के नाम से पहचाने जाने वाले मैसूर पैलेस को भी जाना। वहां बच्चों ने ऐतिहासिक इमारतों, पूर्व के शासकों और उनके वंशजों, वस्तुओं, अवशेषों के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही बताया कि टीपू पैलेस इंडो इस्लामी वास्तुकला का एक सुंदर नमूना है, जिसे 1791 में पूरा किया गया था जहां हिंदू और इस्लामिक संस्कृति का समिश्रण देखने को मिलता है।




# युवक-युवती परिचय सम्मेलन में आज जुटेगा हरदिहा साहू समाज

**रायपुर।** शहर के महादेवघाट स्थित सामाजिक भवन में रविवार को भारी तादाद में हरदिहा साहू समाज के लोग जुटने वाले हैं। इस बीच समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का जहां परिचय सम्मेलन होगा। इसके बाद जिन परिवारों के बीच आपसी सहमति बनेगी, उनके बेटे-बेटियों के विवाह की रूपरेखा भी आगामी बैठक में तय की जाएगी। परिचय सम्मेलन के साथ ही समाज के लोग दीवाली मिलन का हिस्सा बनेंगे। इसके लिए व्यवस्थागत तैयारी को शनिवार की रात अंतिम रूप दिया गया। प्रदेशभर से आने वाले समाज के लोगों की भीड़ को देखते हुए लोगों की सुविधा के लिए व्यवस्था बनाने के लिए दायित्वों का विभाजन किया गया है।

### सुबह से शाम तक रहेगा उत्सव का माहौल

कार्यक्रम 26 अक्टूबर को महादेवघाट स्थित सामाजिक भवन में होगा। इसमें लगभग चार सौ की तादाद में युवक- युवती परिचय में शामिल होने का अनुमान है। साथ में दीवाली मिलन का आयोजन होने से सरोकार को बढ़ावा देने समाज प्रमुखों की मौजूदगी अवसर को खास बनाने वाला होगा। इसमें भोजन प्रसादी की व्यवस्था समाज के लिए की जाएगी। इसमें समाज के सभी वरिष्ठजन युवा एवं महिला संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इससे सुबह 11 बजे से शाम तक उत्सव का माहौल बनने वाला है।


## घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, विवाहेत्तर संबंध, मायके का हस्तक्षेप बन रहा परिवार टूटने का कारण

# विवाह के बाद कुछ महीनों में बढ़ रही दूरी, लव मैरिज में भी टूट रहे रिश्ते, 9 माह में 1258 शिकायतें दर्ज

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** आधुनिक जीवनशैली में लोगों की सहनशीलता लगातार घटती जा रही है। इस वजह से सामान्य समस्याओं में उलझकर लोग आत्महत्या जैसा घातक कदम उठाने में भी चूक नहीं रहे। इन दिनों पति-पत्नी के बीच विवाद के अनेक मामले अखबारों में सुर्खियों में हैं। जहां घरेलू हिंसा, मानसिक प्रताड़ना व सामान्य विवाद में ही दोनों पक्षों के बीच मारपीट, विवाद के बाद तलाक की प्रक्रिया की ओर मामले चले जा रहे हैं। ऐसे में सरकारी संस्थाओं व परामर्श केंद्रों द्वारा लगातार तलाक जैसे गंभीर कदम को रोकने का प्रयास जारी है, ताकि विवाह जैसे पवित्र बंधन को टूटने से बचाया जा सके। "हरिभूमि से खास बातचीत में सरकारी संस्थाओं के अधिकारियों ने बताया कि इन दिनों परिवार टूटने का मुख्य कारण आपसी तालमेल और समझौते की भावना कम होना है। लोग अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं, वे बंधनों में नहीं रहना चाहते। इस कारण अक्सर ऐसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं। परिवार को टूटने से बचाने लगभग 2-3 माह में लगातार 3 बार काउंसिलिंग होती है, जिसमें दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया जाता है। इसके बाद शिकायत न्यायालय स्तर पर पहुंचती है, जहां सबसे पहले काउंसिलिंग की जाती है। इसके बाद ही तलाक के संबंध में फैसला लिया जाता है।"

**मायके के हस्तक्षेप से बेटियों का परिवार टूट रहाः** महिला थाना की पुलिस अधिकारी डिगेश्वरी ध्रुव ने बताया कि इन दिनों परिवार टूटने के चार प्रमुख कारण सामने आ रहे हैं। पहला शराब के नशे में पत्नी से मारपीट और शक की भावना, दूसरा मायके व ससुराल पक्ष का दंपति के निजी जीवन में अत्यधिक हस्तक्षेप, तीसरा सोशल मीडिया का गलत प्रभाव और चौथा, बेटी-बहू के बीच ससुराल पक्ष द्वारा किया जाने वाला भेदभाव। इनमें सबसे बड़ा कारण मायके और ससुराल परिवारों का दंपति के मामलों में हस्तक्षेप होना है।



**1 जनवरी से 30 सितंबर तक मामले ( महिला थाना)**

शिकायतें - 1258
समझौता - 404
एफआईआर - 72
न्यायालय स्तरीय - 553
स्वेच्छा से अलग - 154
वर्तमान काउंसिलिंग - 111

### जिम्मेदारियों से भाग रहे युवा, बढ़ रहे मतभेद

महिला थाने में इन दिनों ऐसे मामलों की संख्या बढ़ रही है, जहां विवाह के महज 2-3 महीने बाद ही दंपति अलग होने की इच्छा लेकर काउंसिलिंग के लिए पहुंच रहे हैं। हैरानी की बात ये है कि इनमें से अधिकतर जोड़े ऐसे हैं, जिन्होंने 4-5 साल तक रिश्ते में रहने के बाद अपनी सहमति से प्रेम विवाह किया था। हरिभूमि से बातचीत में काउंसलर आलोक शर्मा ने बताया कि महिला थाने में रोजाना अनेक दंपति काउंसिलिंग के लिए आते हैं। इन मामलों का प्रमुख कारण आपसी तालमेल और समझ की कमी है। बीते कुछ महीनों में करीब 40 से 50 प्रतिशत ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें प्रेम विवाह के बावजूद दंपति कुछ ही महीनों में अलग होने की स्थिति में पहुंच जाते हैं। उन्होंने बताया कि आज के दौर में लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अपने फैसलों को प्राथमिकता देने लगे हैं। कई युवक-युवतियां परिवार से अलग रहकर 'बैचलर लाइफ' जैसी स्वतंत्रता चाहते हैं, लेकिन विवाह के बाद जिम्मेदारियों और कुछ सीमाओं के कारण उन्हें बंधन महसूस होता है, जिससे मतभेद बढ़ने लगते हैं और रिश्ते टूटने की नौबत आ जाती है।

### घरेलू हिंसा, प्रेम प्रसंग से संबंधित 5400 से अधिक मामले

सखी सेंटर की प्रभारी प्रीति पांडे ने बताया कि दीपावली से ठीक पहले सेंटर में एक अनोखा मामला सामने आया। मध्यप्रदेश से ट्रेन में यात्रा कर रहे एक पति-पत्नी के बीच आपसी झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों रास्ते में ही अलग हो गए। इसके बाद रेलवे पुलिस ने महिला को रायपुर स्टेशन से सखी सेंटर पहुंचाया। महिला के पास लगभग 7—8 लाख रुपए के गहने थे और वह पति से पूरी तरह अलग हो गई थी। कई बार फोन करने के बावजूद पति या उसके परिजन महिला को लेने नहीं आए। करीब एक सप्ताह की काउंसिलिंग और समझाइश के बाद दोनों पक्षों में सहमति बनी और महिला को उसके परिवार के साथ घर भेजा गया। बातचीत के दौरान यह सामने आया कि महिला अपने ससुराल पक्ष के पारिवारिक विवादों से परेशान थी, जिसके चलते यह स्थिति बनी। अक्सर यह देखा गया कि विवाह से पहले लड़कियों को माता-पिता स्वतंत्रता और लाड़-प्यार के साथ रखते हैं, जिसके कारण विवाह के बाद नए परिवार से तालमेल बैठाने में उन्हें कठिनाई होती हैं। 16 जुलाई 2015 से 30 सितंबर 2025 तक घरेलू हिंसा, प्रेम प्रसंग से संबंधित 5400 के करीब केस दर्ज किया गया है।

## सिटी लाइव

# डॉ. गीतांजलि को शिक्षा, खेल और सामाजिक क्षेत्र में राष्ट्रीय सम्मान




**रायपुर।** नेशनल इंटीग्रेशन फोरम ऑफ आर्टिस्टिक्स एंड एक्टिविस्ट (निफा) संस्थान ने सिल्वर जुबली के खास मौके पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजित किया गया। जहां देशभर से लगभग 1200 समाजसेवी, कलाकार और युवाओं को सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर शहर की डॉ. गीतांजलि पंकज को भी शिक्षा, खेल और सामाजिक कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। निफा के फाउंडर चेयरमैन प्रीतपाल सिंह पन्नू ने बताया कि संस्था का उद्देश्य युवाओं में संभावनाओं की खोज और समाजसेवा की भावना को बढ़ावा देना है। प्रत्येक प्रतिभागी को "यंग कम्युनिटी चैंपियन अवॉर्ड", वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस सर्टिफिकेट, मोमेंटो, टी-शर्ट और निफा किट प्रदान की गई।

### समारोह में जापान और मॉरीशस की पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति

कार्यक्रम में राज्य स्तर पर 10 हजार रुपए और राष्ट्रीय स्तर पर 50 हजार रुपए की राशि प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप दी गई। इस दौरान भारत, मॉरीशस, जापान के पारंपरिक व सांस्कृतिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। निफा संस्थान से छत्तीसगढ़ समन्वयक डॉ. प्रियंका बिस्सा ने कहा कि समाजसेवा मानवता की सर्वोच्च साधना है और युवाओं को देशहित तथा एकता के लिए आगे आने का आव्हान किया। कार्यक्रम में मॉरीशस, जापान, दुबई, इंग्लैंड और कनाडा से मुख्य अतिथियों को शामिल किया गया।

## समाज लाइव

# वक्ता मंच ने वृद्धाश्रम में मनाया दिवाली उत्सव, बुजुर्गों के साथ बांटीं खुशियां



**रायपुर।** सामाजिक और साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा जारी अभियान एक दिवाली-खुशियों वाली के तहत राजधानी के सुंदर नगर स्थित वृद्धाश्रम प्रशामक गृह में दीपावली मिलन का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि कर्मकार और सन्निर्माण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल रहे। अध्यक्षता राजभवन के डिप्टी सेक्रेटरी, युवा साहित्यकार डॉ. रूपेंद्र कवि ने की। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन के संयोजक डॉ. उदयभान चौहान एवं महिला नेत्री अनिता गुरुपंच थीं। आयोजन में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और प्रबुद्धजन शामिल हुए। बुजुर्गों को घर के बने पकवान और नमकीन भेंट करते हुए उनसे आशीर्वाद लिया। पटाखे, अनार और फुलझड़ियों की गूंज के साथ सबने स्नेह और अपनत्व का अनुभव किया। इस अवसर पर हिमांशु और दिव्या पटेल द्वारा बुजुर्गों के लिए रात्रि भोज का आयोजन किया।

### अधर्म-धर्म के साथ असत्य सत्य के बीच संघर्ष जारी

अतिथियों ने आगे कहा कि बुजुर्गों के इस आशियाने में पहुंचकर सबको सुकून और आनंद का अहसास हो रहा है। उनके चेहरों की खुशी दिलों में गर्माहट पैदा कर रही है। दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का पर्व है। आदिकाल से सभ्यताओं के प्रत्येक दौर में असुरत्व और देवत्व, अन्याय व न्याय, अधर्म व धर्म तथा असत्य व सत्य के मध्य संघर्ष जारी है। लोगों ने अगले कुछ घंटे बुजुर्गों के साथ खेल, कविता, आतिशबाजी एवं दिवाली की उमंग के साथ व्यतीत किए। मंच के अध्यक्ष राजेश पराते, संयोजक शुभम साहू, प्रभारी विवेक बेहरा, संरक्षिका ज्योति शुक्ला, सचिव मनीष अवस्थी, उपाध्यक्ष दुष्यंत साहू, सहसचिव हेमलाल पटेल के साथ कवि मो. हुसैन, मुकेश टिकरिहा, सोनिका कवि ने इस आयोजन को उत्सव का रूप देने का प्रयास किया।

## इवेंट लाइव

# त्रिशरण, पंचशील, बुद्ध वंदना और परित्राण पाठ कर वर्षावास का हुआ समापन



**रायपुर।** दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया बुद्ध विहार सेक्टर 6 भिलाई में 69वां धम्म चक्क अनुवर्तन दिवस एवं वर्षावास समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तथागत सम्यक संबुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के छायाचित्र के सामने द्वीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर त्रिशरण, पंचशील, बुद्ध वंदना, परित्राण पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के ट्रस्टी एस .आर.कांडे, अधीक्षक छात्रावास दुर्ग से आशा जूल्मे, ऑल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम की प्रदेश अध्यक्ष व दि बुद्धिष्ट प्रचारक विंग की संस्थापक सविता बौद्ध, भारतीय बौद्ध महासभा के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र खोब्रागढ़े ने उपस्थित बौद्ध समुदाय को संबोधित करते हुए सभी को मंगलकामनाएं दी। इस दौरान दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के नवनिर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उपाध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध, सचिव राजेश वंजारी, कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र वाघमारे का सम्मान बुद्ध विहार समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्षा बांगड़े और कार्यक्रम का संचालन कार्यालय सचिव अरुण वैद्य और आभार वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीवन लाल सूर्यवंशी द्वारा किया गया।

● भाठागांव स्थित शिवशक्ति धाम में ओम मंडली शिव शक्ति अवतार सेवा संस्थान के आयोजन में चढ़ा आस्था का रंग

# आध्यात्मिक सत्संग और साधना की जगाई अलख देशभक्ति की भावना से साधकों ने सजाई भव्य तिरंगा यात्रा

'भाठागांव स्थित शिवशक्ति धाम में शनिवार को सुबह 8 बजे मंत्रोच्चार से रुद्राभिषेक करते हुए दो दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग का आगाज किया गया। इस आध्यात्मिक सत्संग और साधना में देशभक्ति की भावना से देशभर से करीब एक हजार साधक आयोजन का हिस्सा बन रहे हैं। शाम 4 बजे साधकों ने भव्य तिरंगा यात्रा और 16 देवी-देवताओं की झांकी से सजी शोभायात्रा तथा एक किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें हर वर्ग के साधकों और सनातन धर्मानुरागियों ने भाग लिया।





### जीवन में तीनों तरह के भावों का समावेश

*ओम मंडली शिव शक्ति अवतार सेवा संस्थान का उद्देश्य स्व-परिवर्तन द्वारा विश्व-परिवर्तन का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। कुछ इसी तरह के संवादों से सेवादार विजय कुमार, द्वारिका प्रसाद, डॉ. श्रीमंत साहू, अंजना और नर्मदा बहन ने जानकारी दी। उन्होंने सत्संग व चर्चा करते हुए बताया कि भारत को फिर से विश्वगुरु बनाने के लिए संकल्पित भाव से संस्था हर वर्ग को ओम मेडिटेशन, साधना, सत्संग और राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ने का प्रयास कर रही है। इसी श्रृंखला में शिवशक्ति धाम में हर साल भी दो दिवसीय आयोजन किया जाता है। आज के दौर में व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति एवं समन्वय का बेहद अभाव है। हम प्रयास कर रहे हैं कि व्यक्ति के जीवन में तीनों तरह के भावों का समावेश किया जाए।*

**रायपुर।** ओम मेडिटेशन से जोड़ने के बाद उनके जीवन में होने वाली समस्याओं से जीवनभर के लिए मुक्त करना और भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए प्रयास करना ही इस आयोजन का उद्देश्य है। रविवार को सैकड़ों साधक ओम मेडिटेशन और आध्यात्मिक सत्संग का हिस्सा बनेंगे। शहर में ओम मंडली शिव शक्ति अवतार सेवा संस्थान की अगवाई में शनिवार को दोपहर 1 बजे दिव्य आध्यात्मिक सत्संग का आगाज सेवादारों ने किया। सुबह 8 बजे संतों के मार्गदर्शन में विधि-विधान से वेदी पूजा के बाद मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक किया गया। इससे आयोजन स्थल में भक्तिमय माहौल रहा। इसमें





शामिल होने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों और शहरों से आए साधक परिवारों ने सुबह से ही भगवान शिव और पार्वती का दिव्य दरबार तथा पश्चिम बंगाल के साधकों ने माता के अलग-अलग स्वरूपों पर थीम बेस्ड जीवंत झांकी भी देशभक्ति के जज्बे से एक किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा में आकर्षण का केंद्र रही। आध्यात्मिक सत्संग और देशभक्ति का संगम इस शोभायात्रा की खासियत रही। इसमें छत्तीसगढ़ समेत दूसरे राज्यों और शहरों से श्रद्धालु आध्यात्मिक सत्संग में शामिल होने के लिए सैकड़ों की तादाद में पहुंचे हैं। इसके मद्देनजर शिवशक्ति धाम परिसर में ही नित्य साधना से जुड़े साधकों को रहने और नित्य मेडिटेशन से जोड़ते हुए उनके जीवन में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे अव्यवस्थित जीवनशैली को संयमित कर सकें।

### ओम के उच्चारण से मिलेगी शांति

सेवादार डॉ. श्रीमंत साहू ने बताया कि न्यूनतम शुल्क के साथ भाठागांव में ओम हेल्थ केयर सेंटर लोगों की सेवा के लिए उपलब्ध है। जहां उपचार की सुविधा है। 2017 में नई ऊर्जा और सोच के साथ संस्था अस्तित्व में आई। अब सैकड़ों सेवादार अलग-अलग राज्यों में सेवा दे रहे हैं। मात्र ओम के उच्चारण से ही घर में सुख-शांति का वास हो सकता है। जीवन के तनाव को काफी कम किया जा सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शांति के लिए ओम का उच्चारण एक ब्रह्मास्त्र की तरह है। भारतीय जीवनशैली में हावी हो रही आधुनिक दिनचर्या से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को बताने के साथ ही साधकों को इसका समाधान भी बताया जाता है, जिससे वे जीवन में सकारात्मक सोच के साथ बदलाव ला सकें।

### आसपास के क्षेत्र का साधकों ने किया भ्रमण

तिरंगा यात्रा और भव्य शोभायात्रा के चलते भाठागांव, खुरमुड़ा रोड, रायपुरा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए वापस भाठागांव फिल्टर प्लांट के पास स्थित शिवशक्ति धाम में आध्यात्मिक भावों के साथ साधकों ने देशभक्ति की भावना से शोभायात्रा को खास बनाया। इसमें एक समूह मां काली की आकर्षक झांकी को जीवंत करते आगे बढ़ रहा था तो वहीं दूसरी तरफ शिव परिवार की मनमोहक झांकी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस बीच धूमधाम से अलग-अलग कला-संस्कृति का प्रदर्शन करती युवाओं की टोली ने राहगीरों को ठहरने के लिए मजबूर किया। भव्य शोभायात्रा के समापन से पहले रविवार को सुबह 8 बजे शुरू होने वाले रुद्राभिषेक और सत्संग के साथ ही भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ के सभी मंदिर होंगे पॉलीथिन मुक्त, 125 मंदिरों के प्रबंधन ने लिया संकल्प

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ द्वारा "मंदिरों को पॉलीथिन मुक्त" बनाने भव्य बैठक दूधाधारी सत्संग भवन मठपारा में रखी गई। इस दौरान 125 मंदिरों-मठों के पुजारी, महंत और धार्मिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत राजेश्री रामसुंदर दास महाराज ने की। उन्होंने कहा, मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं, समाज को दिशा देने का केंद्र है। जब मंदिर पॉलीथिन मुक्त होंगे तो समाज भी प्रेरित होगा। यह केवल सफाई का नहीं, बल्कि संस्कार और संस्कृति की शुद्धता का भी अभियान है। हर श्रद्धालु को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह पूजा सामग्री बिना पॉलीथिन के ही लाए। ग्रीन आर्मी का यह प्रयास धर्म और पर्यावरण दोनों की रक्षा का संगम है।" कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे ने किया। उन्होंने कहा, पिछले आठ वर्षों से हम पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और स्वच्छता के क्षेत्र में कार्यरत हैं। आज धार्मिक समुदाय के साथ यह ऐतिहासिक पहल छत्तीसगढ़ के मंदिरों को पॉलीथिन मुक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। जब धर्म और पर्यावरण एक साथ खड़े होते हैं तो परिवर्तन निश्चित होता है।




दूधाधारी मठ के प्रमुख महंत राजेश्री रामसुंदर दास ने कहा- ग्रीन आर्मी की यह अभिनव पहल

### पॉलीथिन मुक्ति का लिया संकल्प

ग्रीन आर्मी के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि कार्यक्रम समाप्त होने के पूर्व सभी महंत, पुजारी और सदस्यों ने पॉलीथिन मुक्ति का संकल्प लिया। ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने घोषणा की कि यह अभियान 16 चरणों में निरंतर रूप से व्हाइट विंग के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। आगामी चरणों में व्यापारियों, सार्वजनिक भवनों, स्कूल-कॉलेजों, विभिन्न समाजों की समितियों, जनप्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों की बैठकें भी आयोजित की जाएंगी। यह आयोजन ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ के इतिहास में एक प्रेरक और सफल कार्यक्रम सिद्ध हुआ, जिसने पूरे प्रदेश में पॉलीथिन मुक्त मंदिरों के अभियान को नई दिशा दी है। इस मौके पर संस्था के जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा, व्हाइट विंग की अध्यक्ष निधि अग्रवाल समेत अन्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# कलम और दवात का पूजन कर प्रतिभावान बच्चों को किया सम्मानित

**रायपुर।** चित्रांश चेतना मंच के तत्वावधान में चित्रगुप्त पूजन समारोह का आयोजन जवाहर नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 10 बजे से विधिवत पूजा-अर्चना और कलम-दवात पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। समारोह के दौरान समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कायस्थ समाज को धर्मराज चित्रगुप्त की संतान बताते हुए सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहने की बातें कही। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक स्व विद्यारतन भसीन की पुत्री दिव्या भसीन और पार्षद संतोष मौर्य, अरुण कुमार वर्मा और समाज के पूर्व अध्यक्ष मनोज सिन्हा भी मौजूद रहे।




### प्रेरणास्रोत रहा है कायस्थ समाज

मुख्य अतिथि दिव्या भसीन ने उपस्थित समाजिक जनों को चित्रगुप्त जयंती और पूजन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कायस्थ समाज धर्मराज चित्रगुप्त की संतान है और यह समाज सदैव प्रेरणास्रोत रहा है।



उन्होंने मंदिर परिसर में पेवर्स ब्लॉक निर्माण की आवश्यकता पर जोर देते हुए उसके लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। पार्षद संतोष मौर्य ने कायस्थ समाज की सामाजिक एकता की सराहना की।इस अवसर पर चित्रांशी महिला समाज द्वारा दिव्या भसीन को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण सत्यनारायण भटनागर ने दिया, संचालन कमलकांत ने किया तथा आभार प्रदर्शन मनोज सिन्हा ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी।

राजधानी के महादेवघाट सहित 40 से ज्यादा सरोवर आज रात रंगीन लाइटों से जगमगाएंगे, तैयारी तेज

**कार्नर न्यूज**

# छठ महापर्व : उपासक परिवारों ने शुरू किया छठ पूजा का नियम, खीर का भोग लगाने के बाद व्रतधारी रहेंगे निर्जला

रायपुर। छठ महापर्व की आस्था से जुड़े उत्तर भारतीय परिवारों ने शनिवार से छठ व्रत का नियम नहाए-खाए से शुरू किया। वहीं नदियों और तालाबों में डूबते सूर्य को अर्ध्य देने की परंपरा महादेवघाट, आमापारा तालाब, मच्छी तालाब गुढ़ियारी के साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी व्यास तालाब सहित आधा दर्जन से ज्यादा तालाबों में निभाई जाएगी। इसके चलते घाट की सफाई को हीरापुर, व्यास तालाब बिरगांव सहित गोगांव और सरोरा में भी अंतिम रूप दिया गया। छठ पूजा आयोजन समितियों द्वारा अब रविवार की देर रात तक घाट को रंगीन रोशनी से सराबोर करने के साथ ही होने वाले सांस्कृतिक आयोजन के लिए मंच सजाने का क्रम सोमवार को दोपहर तक किया जाएगा। व्रतधारियों ने शनिवार को नहाए-खाए का नियम करते हुए व्रत शुरू किया। इसके साथ ही परिवारों ने पूजा नियम के तहत शुद्धता का विशेष ध्यान देते हुए खानपान के साथ दिनचर्या में भी बदलाव किया है। राजेश कुमार सिंह ने बताया कि महादेवघाट तट पर उत्सव को खास बनाने के लिए लोकगायकों को इस बार प्राथमिकता से अवसर दिया जा रहा है।



### घाट में छेका लगाने के बाद जुटाए जरूरी सामान

हीरापुर, गोगांव, उरला, बिरगांव, भनपुरी सहित शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले बिहार और झारखंड के लाखों परिवारों द्वारा हर साल महादेवघाट, सरजूबांधा तालाब, आमापारा तालाब के साथ छठवा तालाब भनपुरी में भी पूजा के लिए सफाई के बाद अब घाट में छेका लगाने के बाद व्रतधारी परिवार के लोग गन्ना, सूपा सहित जरूरी पूजा सामग्री की खरीदी के लिए बाजार पहुंचे। ज्यादातर लोग घाट पर पूजा के लिए जाने से एक दिन पहले फलों और व्यंजनों की टोकरी सजाते हैं। इसके चलते रविवार व सोमवार को बाजार में उपासकों और श्रद्धालुओं का मेला लगने वाला है। आयोजकों ने पहले से ही लोगों की सुविधा के लिहाज से व्यवस्थागत तैयारी को अंतिम रूप देना शुरू किया है।

### मंगलवार को सुबह अर्ध्य देने के बाद समापन

उन्होंने बताया कि रविवार को गुड़ का उपयोग कर खीर-रोटी पकाने के बाद घर में की गई आराध्य की स्थापना के साथ भोग लगाने के बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। साथ ही व्रतधारियों का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। सोमवार की शाम डूबते सूर्य की अर्ध्य देने के बाद महिलाएं पूजा करने के बाद वापस घर लौटेंगी। मंगलवार को सुबह उगते सूर्य को अर्ध्य देने के बाद व्रतधारी पारणा करेंगे। इससे पहले



भोजपुरी समाज के लोगों ने भी घाट पर इस बार उत्सव मनाने के लिए मुंबई, बिहार और बनारस के साथ छत्तीसगढ़ के लोकगायकों को जलवा बिखेरने के लिए मंच सजाना शुरू किया है। रायपुर और बिरगांव निगम क्षेत्र में 40 से ज्यादा तालाबों के घाट पर छठ पूजा का मुख्य आयोजन होगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बहरीन में बस्तर के युवराज को मिला सातवां स्थान



**रायपुर।** कॉउंसिल ऑफ एशिया की ओर से बहरीन (यूएई) में आयोजित एशियन यूथ गेम्स में भारतीय म्यू थाई दल भी भाग ले रहा है। म्यूथाई के मिक्स माई म्यू टीम इवेन्ट में जगदलपुर (बस्तर) के युवराज सिंह 45 देशों के खिलाडियों के बीच सातवां स्थान प्राप्त कर भारत और छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओसी) से मान्यता प्राप्त संस्था आईएफएमए एवं ओलंपिक कॉउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) से मान्यता प्राप्त संस्था एफएएमए की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया (यूएमएआई) के तत्वावधान में यह प्रतियोगिता हो रही है। यह जानकारी देते हुए राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ खेल जगत की ऐतिहासिक उपलब्धि है कि युवराज सिंह राजपूत ने 45 देशों के मध्य हुए ₹मिक्स माई म्यू₹ टीम इवेन्ट में अपनी राजस्थान की पार्टनर खिलाड़ी हर्षिता के साथ सेमीफाइनल तक का सफर तय किया और अंकों के आधार पर प्रथम सात खिलाड़ियों में अपना गौरवशाली स्थान बनाया। यद्यपि युवराज और हर्षिता फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए परन्तु 45 देशों के बीच 7वी रैंक पाना भी अपने आप मे एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उक्त स्पर्धा में फिलीपीन्स, यू ए ई, मलेशिया औऱ इराक़ के मिक्स खिलाड़ी अंकों के आधार पर फाइनल के लिए क्वालीफाई किये है जिनमे पदकों का निर्धारण होगा। उन्होंने आगे बताया कि यह भी अत्यंत हर्ष एवँ गौरव का विषय है कि दूरस्थ बस्तर अंचल से गत नौ वर्षों से म्यू थाई राष्ट्रीय चैंपियन एवँ चार बार के अंतरराष्ट्रीय म्यू थाई पदक विजेता खिलाड़ी जगदलपुर निवासी 17 वर्षीय युवराज सिंह राजपूत एशियन यूथ गेम्स के लिए राज्य से एकमात्र चयनित खिलाड़ी है। एशियन यूथ गेम्स में भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियों का व्यय भारत सरकार द्वारा किया गया है।

### सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब से दो खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर चयनित



**भिलाई।** सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब से दो खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। कोच, नेशनल रैफरी व जज कुलदीप सोनकर ने बताया कि राज्य स्तरीय स्कूल स्तर की फाइनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता रायपुर में 16 सितम्बर से 18 सितम्बर तक हुई थी। इस प्रतियोगिता में सेक्टर-1 क्लब से रिया, आत्मज कमलेश ने 14-17 ग्रुप में 42 से 46 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सुदेश खोब्रागढ़े, आत्मज संतोष दुर्गा ने 16-17 ग्रुप में 46-48 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। उपरोक्त दोनों छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हो गया हैं, वे खेलो इंडिया इनडोर स्टेडियम, ईंटागढ़, अरुणाचल प्रदेश में 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगे। खिलाडियों के इस उपलब्धि पर दुर्ग के सांसद एवं छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष विजय बघेल, ओलम्पिक संघ के कोषाध्यक्ष साही राम जाखड, छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष आर. राजेंद्रन एवं समस्त पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को विजय प्राप्त करने हेतु आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ ने मुंबई को दिए शुरूआती झटके






**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा आयोजित रणजी ट्रॉफी में ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच (25 से 28 अक्टूबर) बी.के.सी. क्रिकेट ग्राउंड, मुंबई में मुंबई टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 84 ओवरों में 5 विकेट खोकर 251 रन बना लिये हैं। मुंबई की शुरुवात अच्छी नहीं रही, दोंनों ही प्रारंभिक बल्लेबाज जल्दी आउट हो गये। अजिंक्या रहाणे तथा सिद्धेश लाड ने पारी को संभाला तथा 3 विकेट जल्दी गिरने के बाद संभल के बल्लेबाजी की. रहाणे ने शानदार शतक लगाते हुये नाबाद 118 रन बनाये। सिद्धेश लाड ने भी 80 रनों की उपयोगी पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण तथा आदित्य सरवटे ने 2-2 विकेट प्राप्त किये।अजय मंडल को 1 विकेट प्राप्त हुआ. पहले दिन की समाप्ति तक मुंबई ने 5 विकेट के नुकसान पर 251 रन बना लिये हैं।

### स्मार्टफोन और कंप्यूटर के बढ़े हुए इस्तेमाल से आंखों की समस्या ले रही घातक रूप

# युवाओं की बदलती रूटीन लाइफ से बढ़ रही आंखों में सूखेपन की समस्या, रखें अपना ध्यान

हाल के वर्षों में स्मार्टफोन और कंप्यूटर के बढ़े हुए इस्तेमाल के कारण लोगों में आंखों से संबंधित कई प्रकार की गंभीर समस्याओं का निदान किया जा रहा है। आंखों का सूखापन (ड्राई आइज) ऐसी ही एक समस्या है, जिसके युवा आयु वर्ग के लोग ज्यादा शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक एक-दो दशक पहले तक ड्राई आइज की समस्या को उम्र के साथ होने वाली परेशानी मानी जाती थी हालांकि आंखों के लिए नुकसानदायक कई चीजों के बढ़े हुए चलन के कारण अब बहुत ही कम उम्र के बच्चे भी इस समस्या से ग्रसित पाए जा रहे हैं।

आंखों का सूखापन (ड्राई आइज) ऐसी स्थिति है जिसमें आंसू से आंखों को पर्याप्त मात्रा में मॉस्चराइज प्राप्त नहीं हो पाता है। आंखों में पर्याप्त मात्रा में आंसू का उत्पादन न होने या खराब गुणवत्ता वाले आंसू के कारण इसका खतरा बढ़ जाता है। ड्राई आइज के कारण असहजता महसूस होती है और आंखों में चुभन और जलन की दिक्कत बनी रहती है। आंसू, हमारी आंखों की सतह को संक्रमण से भी बचाते हैं। पर्याप्त आंसू के अभाव में आंखों के संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। आइए आगे की स्लाइडों में इस गंभीर समस्या के बारे में विस्तार से जानते हैं।



## ड्राई आइज के लक्षण

वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. डीएम भावनानी बताते हैं जिस तरह से लाइफ स्टाइल से संबंधित समस्याओं के कारण आंखों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में सभी उम्र के लोगों को वर्ष में कम से कम एक बार आंखों की जांच जरूर करानी चाहिए। ड्राई आइज की समस्या युवाओं में काफी सामान्य होती जा रही है, इस समस्या में कई तरह के लक्षणों का अनुभव हो सकता है, जिसका समय पर पहचान कर इलाज आवश्यक होता है। इनमें आंखों में चुभन, जलन या खरोंच का एहसास होना। प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता। आंखों का अक्सर लाल रहना। कॉन्टैक्ट लेंस पहनने में कठिनाई। रात के समय ड्राइविंग करने में कठिनाई। आंखों से पानी आना, यह जलन के कारण होने वाली प्रतिक्रिया है और धुंधला दिखाई देना शामिल हैं।

## आंखों में सूखापन की समस्या क्यों होती है?



वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. डीएम भावनानी बताते हैं, आंसू के उत्पादन को प्रभावित करने वाली कई तरह की समस्याओं के कारण ड्राई आइज की दिक्कत हो सकती है। आंसू के फिल्म की तीन परतें होती हैं: फैटी ऑयल, जलीय द्रव और म्यूकस। यह संयोजन आम तौर पर आपकी आंखों की सतह को चिकना और साफ रखने में सहायक होती है। इनमें से किसी भी परत की समस्या के कारण आंखों में सूखापन



हो सकती है।

आंसू का उत्पादन कई स्थितियों में प्रभावित हो सकता है। उम्र के साथ यह समस्या सामान्य मानी जाती रही है। इसके अलावा कॉन्टैक्ट लेंस के उपयोग, तंत्रिका संबंधी समस्या या लेजर आई सर्जरी का बाद यह समस्या बढ़ सकती है। धूम्रपान करने या स्मार्टफोन और कंप्यूटर के ज्यादा इस्तेमाल के कारण भी यह समस्या बढ़ गई है।


## ड्राई आइज को कैसे ठीक किया जाता है?

वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. डीएम भावनानी बताते हैं, ड्राई आइज की समस्या के निदान के लिए आंखों और आंसू का परीक्षण किया जाता है। यदि स्थिति सामान्य है तो कुछ आईड्रॉप्स और दवाइयों से इसके लक्षणों को कम किया जाता है। रोगी को कुछ बातों के विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है जैसे- धूल और प्रदूषण से बचाव, बहुत अधिक फोन का इस्तेमाल न करना और आंखों के लिए कुछ व्यायाम आदि। ड्राई आइज को ठीक करने के लिए स्वस्थ लाइफ-स्टाइल और पौष्टिक खान-पान बहुत आवश्यक होता है।



## घर की इन दिशाओं में वास्तुदोष कर सकता है आपकी सेहत खराब

घर में वास्तुदोष होने पर जीवन में अस्थिरता आ जाती है। आमदनी कम हो जाती है। जबकि, खर्च बढ़ जाता है। साथ ही अकस्मात विपत्ति घर में दस्तक देती है। इसके अलावा, दोष लगने पर घर के सदस्य कई बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। हर कोई चाहता है कि उसका घर ऐसा हो, जिसमें वह अपने परिवार के साथ सुख पूर्वक रह सके। वास्तुशास्त्र के अनुसार घर हमें न केवल रहने का स्थान प्रदान करता है, बल्कि उसके भीतर या उसके आस-पास की ऊर्जा भी हमारे जीवन को प्रभावित करती है, इसलिए अच्छी सेहत और सुख-समृद्धि के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि घर में पंचतत्वों का संतुलन हो यानि घर वास्तु सम्मत हो। वहीं, वास्तुदोष लगने पर जीवन में अस्थिरता आ जाती है। आमदनी कम हो जाती है। जबकि, खर्च बढ़ जाता है। साथ ही अकस्मात विपत्ति घर में दस्तक देती है। इसके अलावा, दोष लगने पर घर के सदस्य कई बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं।



### ईशान कोण

इस दिशा में वास्तुदोष होने पर घर के पुरुष वर्ग को स्त्रियों की अपेक्षा अधिक समस्याएं होती है। भूखंड या भवन के ईशान कोण में शयन व्यवस्था करने से अनिंद्रा, दुःस्वप्न, स्मृति भंग, मस्तिष्क विकार, रक्तचाप आदि प्रायः घेरे रहते है। दंपति को तो भूलकर भी इस स्थान पर नही सोना चाहिए। ईशान कोण में रसोईघर का होना अनेकानेक तनाव और व्याधियों का कारण होता है। ईशान कोण की रसोई घर में बरकत नहीं होने देती है तथा घर के लोगों को पेट और वायु रोगों से पीड़ति करती है। अन्य दोष ईशानकोण में होने से रक्त विकार, स्त्रियां को यौन रोग और प्रजनन क्षमता भी दुष्प्रभावित हो सकती है।

### दक्षिण दिशा

इस दिशा में वास्तुदोष आ जाने पर महिला वर्ग को पुरुषों की अपेक्षा अधिक हानि उठानी पड़ती है।

### दक्षिण-पूर्व दिशा

इस दिशा में जलस्त्रोत बनवाने से या जल इकठ्ठा करने से आंत, आमाशय, फेफड़े आदि के रोग घर के लोगों को होने की संभावना बढ़ जाती है।

### वायव्य कोण

यहां भारी सामान रखने की व्यवस्था हानिकारक साबित होती है। वायु पीड़ा, हड्डी के रोग और मानसिक विकार आदि भारी सामान इस दिशा में रखने से उत्पन्न हो सकते है।

### दक्षिण-पश्चिम कोण

यह जोन यदि खाली और हल्का रहता है तो घर के सदस्यों में तनाव, गुस्सा अधिक होता है। ह्रदय रोग, जोड़ों का दर्द ,खून की कमी ,पीलिया, आंखों की बीमारी और हाजमे की खराबी आदि रोग होने की संभावना रहती है।

## कुकर से बार-बार निकलता है पानी तो जरूरी हैक्स आएंगे काम

प्रेशर कुकर कई सारी रेसिपीज बनाने के काम आता है। एक वक्त के बाद, प्रेशर कुकर भी खराब होने लगता है। कभी इसमें सीटी की समस्या हो जाती है और कभी गास्केट ढीला हो जाता है। प्रेशर कुकर से पानी निकलना भी आम है, लेकिन इस परेशानी का हल हम आपको बताने वाले हैं।

प्रेशर कुकर तो हर घर में होता है। यह एक ऐसा एसेंशियल बर्तन है जिसके बिना कई सारे काम नहीं हो सकते हैं। दाल, करी, चावल, आदि चीजों को झटपट बनाने के लिए इसका ही उपयोग किया जाता है। हालांकि, एक वक्त के बाद, प्रेशर कुकर में कई सारी समस्याएं होनी लगती हैं।

कभी कुकर की सीटी खराब हो जाती है। कभी उसका गास्केट ढीला होने लगता है।



कभी सही से प्रेशर नहीं बनता है और कभी तो पानी उससे निकलने लगता है। इससे न केवल खाना पकाने में देरी होती है, बल्कि रसोई में गंदगी भी हो सकती है। इसी समस्या का समाधान लेकर हम हाजिर हैं। हमारे देसी जुगाड़ और अनोखे हैक्स आपके प्रेशर कुकर को लीक होने से रोक सकते हैं और आपके काम को आसान बना सकते हैं।

## कार्तिक मास में तुलसी पूजन और स्नान का महत्व जानिए

कार्तिक मास हिंदू धर्म में एक बेहद पवित्र और महत्वपूर्ण महीना माना जाता है। इसे भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को समर्पित महीना माना जाता है। कार्तिक मास में स्नान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस महीने में स्नान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। कार्तिक स्नान को शुद्धिकरण का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान स्नान को लेकर ऐसी मान्यता है कि कार्तिक मास में स्नान करने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं। वहीं अगर आप नियमित रूप से कार्तिक स्नान करने से मोक्ष, रोगों से मुक्ति, मन शांत और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है।



### तुलसी पूजन विधि और नियम

तुलसी को हिंदू धर्म में पवित्र पौधा माना जाता है। कार्तिक मास में तुलसी की पूजा का विशेष महत्व है। कार्तिक मास में रोजाना सुबह उठकर सभी कामों से निवृत्त होकर स्नान करें। इसके बाद साफ वस्त्र धारण कर एक लोटे में स्वच्छ जल भर लें। साथ ही तुलसी पूजा के लिए दीपक, अगरबत्ती, फूल, रोली, चंदन आदि चीजों को एक थाली में रखें। इसके बाद तुलसी के पौधे की जड़ में धीरे-धीरे अर्पित करें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमी शूमर का नया लुक बना चर्चा का विषय, शेयर किया ऐसा अनुभव कि फैंस रह गए दंग



अपने बढ़े हुए वजन के बारे में अक्सर बात करने वाली अभिनेत्री एमी शूमर एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं। उनकी एक नई तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। अभिनेत्री एमी शूमर अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। अपना वजन घटाने के बाद 44 साल की अभिनेत्री सोमवार को सड़क पर घूमने निकलीं। इस दौरान 'आई फील प्रिटी' की अभिनेत्री ने दो रंगों वाला स्वेटर और जींस पहनी थी। इसमें लग रहा था कि उन्होंने अपना वजन घटा लिया है। अपने लुक को उन्होंने सनग्लास और खुले बालों से कंपलीट किया था। एमी शूमर तब सुर्खियों में आ गईं जब उन्होंने अपने दोस्तों के साथ लास वेगास की हालिया यात्रा की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की। रविवार 5 अक्टूबर को साझा की गई तस्वीर में एमी शूमर ने निर्माता एलेक्स सैक्स और जिलियन बेल के साथ एक तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर को फैंस ने लाइक किया और इस पर कमेंट किए।

एमी शूमर की तस्वीर पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा 'आप बहुत खूबसूरत और खुश लग रही हैं।' एक और यूजर ने लिखा 'आप कमाल की लग रही हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'आपके पैर बहुत खूबसूरत लग रहे हैं।' कई अच्छे कमेंट देखने के बाद एमी शूमर ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा 'मुझे बहुत अच्छा लगा। मेरे पैर आपका शुक्रिया अदा करते हैं!' आपको बता दें कि शूमर पहले भी अपने वजन की समस्या के बारे में खुलकर बात करती रही हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने पहले वजन कम करने वाली दवा खाई थी।

### टॉलीवुड

## प्रभास की 'फौजी' पर विवाद, एक्ट्रेस इमानवी के नाम पर बिफरे यूजर्स




प्रभास और हनु राघवपुडी की फिल्मा 'फौजी' फिर से विवादों में आ गई है। मेकर्स ने फिल्म की एक्ट्रेस के जन्म दिन पर एक साधारण पोस्ट किया था, जिसके बाद इंटरनेट यूजर्स के आरोपों की झड़ी लग गई है। लोगों का कहना है कि इमानवी का असली नाम इमान इकबाल इस्माडइल है और वह कथित तौर पर पाकिस्तानी मूल की हैं।

डायरेक्टर हनु राघवपुडी की इस फिल्मं में प्रभास के अपोजिट इमानवी को कास्ट किया गया है। 29 साल की इमानवी के जन्मदिन पर मेकर्स ने एक बर्थडे पोस्ट डाला। देखते ही देखते कॉमेंट सेक्शन में आरोपों की बाढ़ आ गई। 'फौजी' का निर्माण मैथरी मूवी मेकर्स के बैनर तले हो रहा है। मेकर्स को शायद ही यह अंदाजा नहीं था कि एक साधारण जन्मदिन की शुभकामना का पोस्ट, उन पर भारी पड़ जाएग और इस तरह विवाद को जन्मन देगा। वैसे, इसी साल अप्रैल में भी पहलगाम हमले के बाद इमानवी के पाकिस्तानी कनेक्शन को लेकर खूब बवाल मचा था। तब एक्ट्रेस ने इस पर सफाई देते हुए इंस्टाग्राम पोस्ट भी किया था। कुछ यूजर्स ने यहां तक कहा है कि एक्ट्रेस ने भारतीय दर्शकों के बीच विवाद से बचने के लिए ही अपना नाम बदला है। एक यूजर ने दावा किया है कि इमानवी के कुछ पिछले सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पाकिस्तानी झंडे वाला इमोजी दिखाई देता था, जिसे अब हटा दिया गया है। यूजर्स का कहना है कि इमानवी एक पाकिस्तानी सेना अधिकारी की बेटी हैं। इससे पहले जब अप्रैल में इसी तरह के आरोप लगे थे, तब इमानवी ने इन आरोपों का खंडन करते हुए इमोशनल पोस्ट किया था। उन्होंरने कहा था कि पहलगाम की घटना ने उन्हें गहरा दुख दिया है। एक्ट्रेस ने लिखा था, 'ये ऑनलाइन ट्रोल द्वारा गढ़ी झूठी बातें हैं, जो नफरत फैलाने और लोगों को बांटने के लिए हैं।

### भोजपुरी

## खूब ट्रेंड हो रहा आम्रपाली का गाना, एक्टर विक्रांत के साथ उड़ाया गर्दा



फेस्टिवल के रंगों में म्यूजिक का तड़का चार चांद लगा देता है। बॉलीवुड के साथ-साथ भोजपुरी गानों का क्रेज भी अब काफी बढ़ गया है। दिवाली के मौके पर कई नए गाने रिलीज हुए। मगर, इस मामले में आम्रपाली दुबे का हाल ही में रिलीज हुआ भोजपुरी सॉन्ग 'आई है दिवाली' काफी ट्रेंड हो रहा है। आम्रपाली दुबे के साथ 'आई है दिवाली' गाने में भोजपुरी एक्टर विक्रांत सिंह नजर आए हैं। यह गाना 'सास बहू यमराज' फिल्म का है। इसे एसआरके म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गाने में दिवाली के त्योहार की रौनक, परिवार की खुशियां नजर आ रही हैं। विक्रांत और आम्रपाली की केमिस्ट्री काफी कमाल है। आम्रपाली दुबे और विक्रांत ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री सीधे पल्लू की येलो कलर की साड़ी पहने ग्रेसफुल लग रही हैं। आम्रपाली दीये जला रही हैं। यह पारिवारिक गाना है, जिसमें त्योहार का जश्न दिखाई दे रहा है। वहीं, विक्रांत का अंदाज भी दिल जीतने वाला है। इस गाने को आलोक कुमार और प्रियंका सिंह ने गाया है। सॉन्ग के लिरिक्स शेखर मधुर ने लिखे हैं। गाने पर यूजर्स के पॉजिटिव रिएक्शंस आए हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, दिवाली के सेलिब्रेशन में यह गाना और रौनक लगाएगा। साथ ही फेस्टिवल की बधाई भी दे रहे हैं। इस फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प है। आम्रपाली के किरदार का कोई भाई नहीं है, तो वह उनके घर आए मौत के दूत यमराज को अपनी दुख भरी कहानी सुनाकर अपना भाई बना लेती हैं। इस फिल्म में आम्रपाली और विक्रांत के अलावा रितु चौहान, अनुषा शर्मा, अयाज खान, श्रद्धा नवल, विद्या सिंह, आशुतोष तिवारी, समर्थ चतुर्वेदी, शनि शर्मा, साहिल सिद्दीकी, और दीप्ति तिवारी जैसे सितारे हैं।

### मन का मनका

मॉडल राल्फ लॉरेन ने इसाबेल मैरेंट की राह पर चलते हुए मनके वाले आभूषणों की नुमाइश की। जिसने कैटवॉक पर क्रीम और नीले रंग के पेस्टल रंगों में पुरानी यादों को ताजा कर दिया। लिनन और टॉप्स के साथ उनकी ड्रेस एक अलग रंग बिखेर रही थी।



लाइफ स्टाइल

## हर मेकअप प्रोडक्ट के लिए इस्तेमाल होता है अलग ब्रश, जानें इन्हें इस्तेमाल करने का तरीका

आज के समय में चाहे पुरुष हो या महिला, हर किसी की जिंदगी में मेकअप की काफी अहम भूमिका होती है। मेकअप करने से सिर्फ खूबसूरती में चार चांद नहीं लगते, बल्कि साथ में इसके इस्तेमाल से लोगों का आत्मविश्वास भी बढ़ जाता है। अगर आपको मेकअप करना आता है तो आप पूरी तरीके से अपने लुक में बदलाव ला सकते हैं। दरअसल, सही से मेकअप करना एक कला है, ऐसे में ठीक कला की ही तरह मेकअप के लिए भी सही प्रकार के ब्रश की जरूरत पड़ती है। अगर आप मेकअप के दौरान गलत ब्रश का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका मेकअप बिगड़ सकता है।


### फाउंडेशन ब्रश

लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से लिए सबसे पहले फाउंडेशन ब्रश का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इस ब्रश की मदद से फाउंडेशन बराबर मात्रा में फैलता है और फ्लोलेस कवरेज देता है। फाउंडेशन ब्रश की मोटाई अच्छी खासी होती है और इसे ब्रिसल्स मुलायम व लचीले होते हैं।

### फैन ब्रश

जब मेकअप करते वक्त चेहरे पर अतिरिक्त पाउडर लग जाता है तो ये ब्रश इसे हटाने में मदद करता है। यह आकार में फैन की तरह चपटा होता है, इसलिए इसे फैन ब्रश बोलते हैं।

### आईशैडो ब्रश



अगर आपको आई मेकअप करना पसंद है तो आईशैडो ब्रश के बारे में आपको पता होना बेहद जरूरी है। आईशैडो के लिए अलग-अलग प्रकार के ब्रश आते हैं। ऐसे में इन्हें अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें।

### लिप ब्रश

सही से लिपस्टिक लगाने के लिए लिप ब्रश काफी जरूरी होता है। ऐसे में आप इसे जरूर अपने बैग में रखें। ये ज्यादा मोटा नहीं होता है। इससे लिपस्टिक लगाने में आसानी होती है।

## त्यौहार-शादियों के लिए तैयार कराएं ऐसे लहंगे, जो रहते हैं हमेशा चलन में



इन दिनों त्यौहारों के साथ-साथ अब आगे शादियों का माहौल रहेगा। लोग नए-नए कपड़े खरीदते हैं और पारंपरिक तरह से तैयार होते हैं। अगर बात करें महिलाओं की तो हर महिला को लहंगा पहनना बेहद पसंद है। ऐसे में आप इस मौके के लिए लहंगा तैयार करा सकती हैं। आज आपको लहंगे के कुछ लेटेस्ट डिजाइन के बारे में जानना चाहिए, जिससे आप भी महफिल में अपना जलवा दिखा सकती हैं।



फिशकट गोल्डन लहंगा

अगर आप कुछ अलग बनवाने का सोच रही हैं तो खास डिजाइन वाला फिशकट लहंगा आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में स्टाइलिश लगता है।

### हैवी वर्क वाला ब्लू लहंगा



स्टाइलिश लहंगा देखने में काफी क्लासी लगता है। इस तरह के लहंगे में आप खूबसूरत के साथ आप अपना ग्लैमरस अंदाज भी दिखा सकती हैं।

### पीले रंग का लहंगा देगा अलग लुक

पीले रंग का लहंगा देखने में काफी क्लासी लगता है। मॉडल के साथ ये लहंगा लुक देखने में काफी प्यारा लग रहा है। आप उन्हीं की तरह लहंगा बनवा सकती हैं।

### सिल्क फैब्रिक में हैवी लहंगा

अगर आपको सिल्क फैब्रिक का लहंगा पसंद है तो ये एक बेहतर ऑप्शन है। सिल्क के फैब्रिक में आजकल ऐसा हैवी वर्क का लहंगा भी काफी चलन में है। ये देखने में काफी प्यारा लगता है।

### इंडो वेस्टर्न लहंगा लुक

अगर आप लहंगे के साथ इंडो वेस्टर्न लुक कैरी करना चाहती हैं तो यह खास लहंगा एक बेहतर विकल्प है। इसके लिए आपको लहंगे के दुपट्टे को खास अंदाज में कैरी करना है।

## प्याज का रस बालों में लगाने से पहले इन बातों का रखें ख्याल

जब बालों की केयर की बात होती है, तो प्याज का रस बेहद कमाल काम करता है। दरअसल इसमें ऐसे कंपाउंड होते हैं, जो बैक्टीरिया और फंगस से लड़कर आपके बालों को हेल्दी बनाते हैं। इसमें मौजूद सल्फर बालों को टूटने और पतला होने से बचाता है। साथ ही साथ, इसके एंटीऑक्सीडेंट बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकने में मदद कर सकता है।

### जरूर करें डायलूट

प्याज का रस बालों व स्कैल्प के लिए बेहद ही लाभकारी है। लेकिन इसे सही तरह से इस्तेमाल करना जरूरी होता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप इसे डायलूट करके ही अपने बालों में इस्तेमाल करें। आाप एक भाग प्याज का रस (प्याज के रस से बालों की ग्रोथ कैसे करें) और दो से तीन भाग तेल डालकर मिक्स करें। इसके बाद ही आप प्याज का रस बालों में लगाएं। आप प्याज के रस में नारियल तेल या जैतून तेल मिक्स कर सकते हैं।

### करें पैच टेस्ट



अगर आप पहली बार प्याज का रस अपनी स्कैल्प पर लगा रही हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप एक बार पैच टेस्ट जरूर करें। इससे आपको किसी भी तरह के एलर्जिक रिएक्शन और स्किन सेंसेटिविटी के बारे में पता चलेगा। एक बार प्याज का रस एक छोटे से एरिया पर लगाने के बाद आप कम से कम 24 घंटे इंतजार करें जिससे कि कोई नेगेटिव रिएक्शन न हो।

### ताजा हो प्याज का रस

अगर आप चाहती हैं कि प्याज का रस इस्तेमाल करने से आपको मैक्सिमम लाभ मिले, तो हमेशा फ्रेश प्याज के रस का ही इस्तेमाल करें।

## कॉटन पैड की मदद से करें आई मेकअप

फटाफट आई मेकअप करने के लिए सबसे पहले सारे सामान को एक जगह इकट्ठ कर लें। फिर सबसे पहले अपनी आंखों पर कंसीलर अप्लाई करें। अब जिस भी कलर का आउटफिट आपको वियर करना है उस कलर को ब्रश में हैं। इसे सीधा अप्लाई नहीं करना है सही तरीके से लगाने के लिए आपको कॉटन पैड लेना है। इसे कोन डिजाइन में फोल्ड करें। फिर इसे लीड पर रखें। अब ब्रश की मदद से आई शैडो लगाएं। इस बात का ध्यान रखें की अगर आपको कैट आई मेकअप करना है तो उसी तरीके (आई मेकअप टिप्स) से कॉटन पैड को लगाना होगा फिर ब्रश की मदद से कलर को अप्लाई करना होगा। फिस लाइनर लगाएं और पलकों को घनी करने के लिए मस्कारा अप्लाई करें। इस तरीके से कुछ ही सेकेंड में आपका आई मेकअप परफेक्ट हो जाएगा। इसके बाद आपको किसी भी तरह के ब्रश या फिर पार्लर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप ग्लिटर आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं। स्मोकी आई मेकअप लुक भी आप क्रिएट कर सकती हैं। रेड आई मेकअप लुक भी करवा चौथ पर काफी अच्छा लगेगा। सिंपल आई मेकअप लुक भी आप ट्राई कर सकती हैं।

ध्यान देने वाली एक और बात यह है कि ज़्यादा ज़ोर से रगड़ने से आपकी आँखों और पलकों के आसपास की संवेदनशील त्वचा को नुकसान पहुँच सकता है। इसलिए,



आँखों का मेकअप हटाते समय ज़्यादा ज़ोर से रगड़ना ज़रूरी नहीं है। इसके अलावा, आप लंबे समय तक टिकने वाले, पानी प्रतिरोधी आई मेकअप की जगह आसानी से हटाए जा सकने वाले या धोने योग्य मेकअप का इस्तेमाल कर सकती हैं। कुछ आई प्रोडक्ट्स, खासकर नकली पलकें या ग्लिटर वाला आई मेकअप, आँखों के लिए ख़ास तौर पर परेशान करने वाला हो सकता है । अगर आपको आँखों में जलन हो रही है, तो यह ज़रूरी है कि आप सूखी आँखों को इसकी वजह न समझें। हमारी सूखी आँखों के मूल्यांकन और उपचार के बारे में जानें।

### हर चीज़ को सावधानी से संभालें


अपनी आंखों का मेकअप हटाने के लिए, सबसे पहले संवेदनशील आंखों के लिए तैयार किए गए आई मेकअप रिमूवर का उपयोग करें, या प्राकृतिक मेकअप रिमूवर का उपयोग करें।

### कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में कार्गो पैंट का ट्रेंड है दुनिया भर में

## कार्गो पैंट हैं आपकी फेवरेट तो बेस्ट लुक के लिए याद रखिए स्टाइलिंग टिप्स, लोग फिदा हो जाएंगे आपकी इन अदाओं पर

पुरुषों के पास कपड़ों में वैरायटी कम होती है। लेकिन फिर भी विकल्प कई होते हैं। जैसे पैंट्स में ही उन्हें कई ऑप्शन मिल जाते हैं। बस इन ऑप्शन में से अपने लिए कोई खास चुनना होता है। इसमें ऐसा चुनाव करना होता है जो आप पर अच्छा लगे और मौके के हिसाब से भी ठीक हो। कार्गो पैंट्स भी इन्हीं में से एक हैं। लेकिन ज्यादातर पुरुष इन्हें हैंगआउट जैसे मौकों के लिए ही रखते हैं। लेकिन कार्गो के लिए सिर्फ मौके की नहीं स्टाइलिंग की भी जरूरत होती है। मतलब कार्गो पहननी है तो आपको स्टाइलिंग के कुछ खास विकल्पों को सीखना और समझना होगा, तब ही आप बेस्ट रिजल्ट पा सकेंगे। कार्गो को स्टाइल करने के लिए किन बातों का ध्यान रखना होगा, जानिए-तीन तरह की कार्गो पैंट्स में क्लासिक




यूटिलिटी पैंट्स, कार्गो जॉगर्स और स्किनी कॉम्बाट ट्राउजर्स चलन में है।

### स्लिम और स्ट्रेट कट

कार्गो पैंट्स अक्सर ढीले पैटर्न में बनी होती हैं। इस वजह से ये हर बॉडी टाइप पर सूट नहीं करती हैं। जबकि इस वक्त सबसे बेहतरीन कार्गो पैंट्स वो हैं जो स्लिम या फिर स्ट्रेट कट में बनी हों। ओवरसाइज़ कार्गो पैंट्स भी काफी पसंद की जा रही है लेकिन इतनी ढीली नहीं होनी चाहिए कि आप मजाक ही बन जाएं। इसलिए अपनी हाइट और पर्सनालिटी को देखते हुए स्ट्रेट, स्लिम या ओवरसाइज़ में से चुनाव करें।

### फैब्रिक हो ऐसा

कार्गो के स्टाइल और पैटर्न पर तो बात हो गई लेकिन इसके फैब्रिक के बारे में भी जान लीजिए। काग्रो में हमेशा कॉटन या कार्डरी मटेरियल ठीक रहता है। आप इन्हीं में से चुनाव करें।

### कार्गो पैंट्स और स्टाइल

कार्गो का स्टाइल मिलिट्री जैकेट्स के साथ सबसे अच्छा लगता है। लेकिन कार्गो के साथ मिलिट्री जैकेट पहनकर ऐसा लगता है मानो अभी-अभी मिशन से आए हों। इसलिए इन पैंट्स के साथ डेनिम जैकेट का कॉम्बिनेशन कीजिए। इसके साथ हाइकिंग बूट्स पहनिए। ये लुक आप पर बहुत अच्छा लगेगा। गर्मी का मौसम है तो इस वक्त ओवरसाइज़ टीशर्ट और सफ़ेद स्नीकर्स भी पहने जा सकते हैं।

